# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 328 । भोपाल, मंगलवार 28 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



दोनों पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज — पृष्ठ 2

▪ संविधान दिवस यानी पाखंड पर्व
▪ असम में इंडिया साझेदारों में सीट बंटवारे पर माथापच्ची — पृष्ठ 4

▪ गुरुनानक देव प्रकाश पर्व पर बरसते पानी में निकला नगर कीर्तन — पृष्ठ 6

मंच से उतरकर कार्यकर्ताओं से बोले, आज तो हाथ मिलाने का समय — पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### नौसेना के अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का अनावरण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नौसेना के अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का मंगलवार को यहां अनावरण किया जायेगा। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह तथा रक्षा मंत्रालय और मणिपुर के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहेंगे। इस युद्धपोत का निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में किया गया और यह प्रोजेक्ट 15 बी श्रेणी का तीसरा विध्वंसक पोत है जो निर्देशित मिसाइल प्रणाली से लैस है। अप्रैल 2019 में इसके शुभांरभ के समय इस युद्धपोत को इम्फाल नाम दिया गया और एमडीएल द्वारा 20 अक्टूबर 2023 को इसे भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया।

### आयरिश लेखिका पॉल लिंच ने जीता बुकर पुरस्कार

**डबलिन, एजेंसी।** आयरिश लेखिका पॉल लिंच ने अपने उपन्यास 'प्रोफेट सॉन्ग' के लिए 2023 बुकर पुरस्कार जीता है। साहित्यिक पुरस्कार के आयोजकों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने एक बयान में कहा, सुश्री पॉल लिंच का पांचवां उपन्यास बुकर पुरस्कार 2023 का विजेता है। प्रॉफेट सॉन्ग को 26 नवंबर को लंदन में एक समारोह में बुकर पुरस्कार 2023 का विजेता घोषित किया गया। आयोजकों ने बताया कि सुश्री लिंच यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने वाली पांचवीं आयरिश लेखिका भी बनीं।

### भाजपा शुरू से ही आरक्षण विरोधी है : ललन सिंह

**पटना, एजेंसी।** यह तो जाना हुआ मामला है न। भाजपा शुरू से ही आरक्षण विरोधी है। उसको आरक्षण पसंद नहीं हैं। बिहार में जो जातीय गणना करवाया गया उसके आधार पर जो रिपोर्ट आया तो उसी के अनुसार आरक्षण तय किया गया। सबसे पहले तो उन्होंने ही कानून तोड़ा जब 50 फीसदी से अधिक 10 फीसदी सवर्ण का आरक्षण देकर इस नियम को तोड़ डाला। तो हम लोगों जाति आधारित करना करवाए इस गणना के आधार पर यह काम कर रहे हैं। न्यायालय में जाना तो भाजपा का पुराना काम है। लेकिन जितना न्यायालय गए हैं उतना बार हमारा काम हुआ या नहीं हुआ। हर बार उनको मूंह की खानी पड़ी है।

### मयूर विहार इलाके में मुठभेड़ के बाद दो अपराधी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर अर्शदीप सिंह के गिरोह के दो शूटर को पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार के पास पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राजप्रीत सिंह (25) और वीरेंद्र सिंह (22) के रूप में हुई है जो पंजाबी गायक एली मंगत की हत्या करने की साजिश रच रहे थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, मुठभेड़ के दौरान आरोपियों ने पांच गोलियां चलाई जिसमें से दो गोलियां एक पुलिसकर्मी की बुलेट-प्रूफ जैकेट पर लगीं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने छह गोलियां चलाई। मुठभेड़ के दौरान आरोपियों में से एक वीरेंद्र सिंह के दाएं पैर में गोली लग गई। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को मुठभेड़ के बाद लाल बहादुर सिंह अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से दो रिवॉल्वर, 13 कारतूस, एक हथगोला और एक चोरी की मोटरसाइकिल जब्त की गई। आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और शस्त्र अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### आपत्तिजनक पोस्ट डालने का मुकदमा दर्ज

**अजमेर, एजेंसी।** राजस्थान में अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार ज्ञानचंद सारस्वत ने आज गंज थाने में अज्ञात के खिलाफ गोली मारने की धमकी तथा फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट डालने का मुकदमा दर्ज कराया है। अजमेर नगर निगम के पार्षद तथा भाजपा से बागी होकर विस चुनाव में अंत तक मैदान में डटे रहने वाले ज्ञानचंद सारस्वत ने बताया कि 25 तारीख को फर्जी आईडी बनाकर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट डालने की घटना हुई, साथ ही अज्ञात द्वारा गोली मारने की धमकी गम्भीर विषय है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। चुनाव के दौरान राजनैतिक आरोप-प्रत्यारोप लगते रहते है जो अनदेखी करने योग्य होते है और मैंने किए भी हैं। लेकिन फेसबुक आईडी का इस्तेमाल एवं धमकी नजरअंदाज नहीं की जा सकती। मुझे कानून और पुलिस पर पूरा भरोसा है।

सिलक्यारा सुरंग में खराब मौसम के बीच 16वें दिन बचाव अभियान जारी

# ऑगर मशीन के खराब हिस्सों को निकाला जा रहा बाहर

### अब तक की जा चुकी है 30 मीटर तक वर्टिकल ड्रिलिंग



**सिलक्यारा, देशबन्धु।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद अंतर्गत, सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए अब वर्टिकल ड्रिलिंग और हाथों से खुदाई का काम सोमवार शाम से शुरू कर दिया गया। सिलक्यारा सुरंग रेस्क्यू ऑपरेशन के संबंध में वहां बनाए गए अस्थाई मीडिया सेंटर में आज हुई प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी गई।

केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के सचिव एवं एनएचआईडीसीएल के प्रबंध निदेशक महमूद अहमद ने बताया कि वर्टिकल ड्रिलिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 30 मीटर वर्टिकल ड्रिलिंग कर ली गई है। आगे का कार्य भी पूरी तेज़ी एवं सावधानी से किया जा रहा है। उत्तराखंड शासन के सचिव डॉ. नीरज खैरवाल ने बताया कि पाइप में फंसे ऑगर मशीन की ब्लेड एवं साफ्ट को काटने का कार्य पूरा कर लिया गया है और ऑगर मशीन के हेड को निकालने का कार्य जारी है। जिसके लिए एक मीटर पाइप भी काटा का चुका है। आगे का कार्य मैन्युअली किया जाएगा। इस दौरान, महानिदेशक, सूचना, बंशीधर तिवारी, एसडीआरएफ कमांडेंट मणिकांत मिश्रा मौजूद थे।

### ऑपरेशन में जुटे श्रमिकों का हौसला बढ़ाया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव डॉ.पीके मिश्रा एवं केंद्रीय गृह मंत्रालय के सचिव अजय भल्ला ने आज उत्तराखंड के सिलक्यारा (उत्तरकाशी) में सुरंग बचाव ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### 5 मोर्चों पर हो रहा काम

1 : सिलक्यारा की तरफ से आठ सौ एमएम के पाइप में फंसी ऑगर मशीन को बाहर निकाला जा रहा है। इसके बाद आगे की खुदाई मैनुवल तरीके से की जाएगी।

2 : बड़कोट छोर की ओर से टीएचडीसी ने चार ब्लॉस्ट कर 10.7 मीटर अंदर तक राह बना ली है। यहां दो मीटर चैड़ाई का पाइप 483 मीटर तक बिछाया जाना है।

3 : एसजीवीएनएल ने सुरंग के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग कर एक मीटर चैड़ा पाइप 19.2 मीटर तक पहुंचा दिया है। यहां कुल 86 मीटर पाइप ड्रिल किया जाना है।

4 : आरवीएनएल भी सुरंग के ऊपर एक अन्य स्थान पर वर्टिकल ड्रिलिंग कर रास्ता बनाएगी। इसके लिए मशीनें पहुंच गई हैं व उनके लिए प्लेटफार्म बनाया जा रहा है।

5 : बड़कोट की तरफ से वर्टिकल ड्रिलिंग को ओएनजीसी ने फील्ड सर्वे कर लिया है। बीआरओ ने मशीनों को पहुंचाने के लिए 975 मीटर सड़क तैयार की है।

# मणिपुर में कुकी समूह ने राष्ट्रीय राजमार्ग खोले

### 12 दिन से ब्लॉक कर रखे थे राजमार्ग


**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में एक प्रभावशाली कुकी समूह ने सोमवार को दो नेशनल हाईवे को खोल दिया, जिन्हें 12 दिन से बंद कर रखा था। कांगपोकपी की कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी ने 15 नवबंर को इन हाईवे को बंद किया था। उनका कहना था कि कुकी-जो बहुल इलाकों में कानून व्यवस्था बहाल करने में प्रशासन का रैवया ढुलमुल रहा है।

इस कम्युनिटी ने प्रशासन के रवैये के प्रति विरोध जताते हुए इस नगालैंड के शहर दीमापुर और असम के शहर सिलचर से इंफाल को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे के कुछ हिस्सों को ब्लॉक कर रखा था, ताकि इंफाल और मणिपुर के बाकी शहरों ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### मणिपुर की समस्या राजनीतिक

भारतीय सेना के ईस्टर्न कमांड चीफ राणा प्रताप कलीता ने कहा है कि मणिपुर की समस्या राजनीतिक है, इसलिए इसका समाधान भी राजनीतिक होना चाहिए। कलीता ने ये बात 21 नवंबर को गुवाहाटी के प्रेस क्लब में पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि हिंसा रुके। राजनीतिक समस्या का शांतिपूर्ण समाधान निकालना होगा, इसके लिए दोनों पक्षों को प्रेरित किया जाना चाहिए। हिंसा काबू करने में हमें बड़े पैमाने पर कामयाबी भी मिली है। लेकिन कुकी और मैतेई का ध्रुवीकरण हुआ है, इसलिए कुछ छिटपुट घटनाएं हो जाती हैं।

# कर्नाटक सरकार के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा



### आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का लगाया आरोप

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए 30 नवम्बर को मतदान कराए जाएंगे। इस बीच कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को लेकर भाजपा चुनाव आयोग पहुंच गई है। पार्टी का आरोप है कि कर्नाटक की सरकार तेंलंगाना के आसपास के राज्यों के अखबारों में तेलुगु भाषा में विज्ञापन छपवा कर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है।

सोमवार को भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग पहुंचकर कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। भाजपा नेता ने कहाकि पिछले दो दिनों से कर्नाटक की कांग्रेस सरकार सरकारी खर्चे पर आध्र प्रदेश, तेलंगाना और आस-पास के राज्यों के अखबारों में तेलुगु भाषा में विज्ञापन छपवा रही है। ऐसा करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। चुनाव आयोग अपने अधिकार का इस्तेमाल कर इसे रोके। वहीं एक अन्य भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने मांग की है कि चुनाव आयोग कर्नाटक सरकार के साथ तेलंगाना कांग्रेस पर भी कार्रवाई करे। तेलंगाना में केसीआर की अगुवाई वाले सत्तारूढ बीआरएस का मुख्य मुकाबला कांग्रेस के साथ है। हालांकि भाजपा इसे त्रिकोणीय बनाने की लगातार कोशिश कर रही है।

## कमलनाथ व कैलाश विजयवर्गीय के फर्जी वीडियो पर मामला दर्ज




**इंदौर, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के फर्जी वीडियो सामने आए हैं, डीपफेक के इन मामलों पर प्रकरण दर्ज कर लिए गए हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें लाडली बहना योजना बंद करने की बात कही गई है। इस वीडियो को लेकर कांग्रेस नेता राकेश यादव ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और उम्मीदवार कैलाश विजयवर्गीय का भी एक फर्जी वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस अधिकारी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार डीप फेक मामले में चार प्रकरण दर्ज किया जा चुके हैं, इन मामलों की पुलिस जांच कर रही है। बता दें कि कनाड़िया थाने की पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फर्जी वीडियो जारी करने पर प्रकरण दर्ज किया है। इस वीडियो को भेजने वालों का डाटा जुटाया है, पर वीडियो कहां से बना, इसके सबूत नहीं मिल पाए हैं। इंदौर में तो एक प्रत्याशी का अश्लील वीडियो भी वायरल हुआ है।

## भारतीय राजदूत के साथ खालिस्तानी समर्थकों ने की धक्का-मुक्की

### न्यूयॉर्क के हिक्सविले गुरुद्वारे की है घटना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खालिस्तानी समर्थकों के एक समूह ने न्यूयॉर्क में एक गुरुद्वारे के बाहर अमेरिका में भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू के साथ धक्का-मुक्की की और उन पर सिख कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या करने और प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) संगठन के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नून की 'हत्या की साजिश रचने' का आरोप लगाया।

यह घटना 22 नवंबर को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची के उस बयान के बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ने संगठित अपराधियों, आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ इनपुट साझा किए हैं और ये इनपुट दोनों देशों के लिए चिंता का कारण हैं और उन्होंने इस पर कार्रवाई करने का फैसला किया है। यह घटना न्यूयॉर्क के हिक्सविले गुरुद्वारे में हुई,जहां एक व्यक्ति को निज्जर की हत्या के आरोप में संधू पर चिल्लाते हुए सुना जा सकता है, जिसकी इस साल जून में कनाडा में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह खालसा ने सोमवार को एक वीडियो साझा किया, इसमें संधू चिल्लाते हुए लोगों से घिरे हुए हैं।

## तेलंगाना चुनाव के अंतिम दौर में दिग्गजों की सभाएं

# डबल इंजन सरकार बनने से राज्य में विकास तेज होगा



**करीमनगर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वह तेलंगाना में बदलाव की बयार देख रहे हैं और अगले पांच साल राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

श्री मोदी ने कहा, पहली बार तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनेगी और पिछड़ा वर्ग (बीसी) नेता मुख्यमंत्री होगा। करीमनगर के लोगों ने हुजूराबाद उपचुनाव में मुख्यमंत्री एवं भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष के.चंद्रशेखर राव को हार का ट्रेलर दिखाया। अब विधानसभा चुनाव में आप उन्हें घर भेजने जा रहे हैं। तेलंगाना में भाजपा सरकार बनाना बहुत जरूरी है, क्योंकि 2024 में भाजपा फिर से केंद्र की सत्ता में आएगी और डबल इंजन सरकार बनने से राज्य में विकास और प्रगति काम में तेजी आएगी।

उन्होंने कहा, हम दिखाएंगे कि तेलंगाना देश में नंबर वन कैसे बनेगा। आप तेलंगाना के भविष्य को भाग्य पर नहीं छोड़ सकते। हमें ध्यान रखना होगा। हमारे लिए हर राज्य सहित देश का विकास महत्वपूर्ण है। जब भी आप लोगों को बताएंगे आपने विकास के लिए, देश के गौरव के लिए, जन समर्थन के लिए और गरीबों के कल्याण के लिए वोट किया है, जनता के मन में एक ही नाम आता है वह है भाजपा। मैं बदलाव की बयार देख रहा हूं।

उन्होंने कहा, तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) और कांग्रेस ने आपको धोखा देने का कोई मौका नहीं छोड़ा। भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण दोनों पार्टियों का नाम आपके दिमाग में आएगा। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि कांग्रेस विधायक पार्टी के साथ रहेंगे। वे बीआरएस में शामिल होंगे। यदि आप बीआरएस को घर भेजना चाहते हैं, तो भाजपा को वोट दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दिवंगत प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को उनके जीवित रहने के दौरान और उनकी मृत्यु के बाद भी अपमानित किया है।

# बीआरएस सरकार ने तेलंगाना में बढ़ाई गरीबी



**हैदराबाद, एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) केवल चुनाव प्रबंधन करती है और उन्होंने तेलंगाना के लोगों से सत्ताधारी पार्टी को यह दिखाने की अपील की कि वे बिक्री के लिए नहीं हैं। यदाद्री भोंगिर जिले के भोंगिर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने बीआरएस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह अमीर हो गया है जबकि तेलंगाना के गरीब और गरीब हो गए हैं। उन्होंने कहा, चुनाव के समय, वे चुनाव प्रबंधन करते हैं लेकिन लोगों को उन्हें बताना चाहिए कि वे बिक्री के लिए नहीं हैं। कांग्रेस महासचिव ने लोगों से बीआरएस को यह दिखाने का आग्रह किया कि उन्होंने अपने अधिकारों के लिए पहले भी लड़ाई लड़ी थी और वे अब भी लड़ सकते हैं।

उन्होंने दावा किया कि बीजेपी 10 साल में दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बन गई और उसने देश की संपत्ति अपने बड़े उद्योगपति दोस्तों को सौंप दी. बीआरएस तेलंगाना की सबसे अमीर पार्टी बन गई। इसके भ्रष्ट नेता अपने महलों में रहते हैं। वे लोगों से नहीं मिलते।'

एडीआर व तेलंगाना इलेक्शन वॉच ने किया विश्लेषण

# दोबारा चुनाव लड़ रहे विधायकों की संपत्ति बढ़ी

### 103 विधायकों की औसत संपत्ति 9 करोड़ रुपए बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेलंगाना में विभिन्न दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों द्वारा फिर से चुनाव लड़ रहे 103 विधायकों की औसत संपत्ति 23.87 करोड़ रुपए है, जो 2018 के 14.44 करोड़ रुपए से लगभग 9 करोड़ रुपए अधिक है, और 90 विधायकों की संपत्ति सोमवार को एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह तीन फीसदी से लेकर 1,331 फीसदी तक बढ़ गई है। 13 विधायकों की संपत्ति एक फीसदी से 79 फीसदी तक घट गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भोंगिर निर्वाचन क्षेत्र से बीआरएस उम्मीदवार पैला शेखर रेड्डी ने 136.47 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ संपत्ति में अधिकतम वृद्धि की घोषणा की है।

यह रिपोर्ट एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और तेलंगाना इलेक्शन वॉच द्वारा तेलंगाना विधानसभा चुनाव 2023 में फिर से चुनाव लड़ रहे 103 विधायकों के स्व-शपथ पत्रों का विश्लेषण करने के बाद तैयार की गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है, फिर से चुनाव लड़ रहे 103 विधायकों में से 90 विधायकों की संपत्ति तीन फीसदी से लेकर 1,331 फीसदी तक बढ़ गई है और 13 विधायकों की संपत्ति माइनस एक फीसदी से माइनस 79 फीसदी तक घट गई है। इसमें कहा गया है कि 2018 में विभिन्न दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों द्वारा फिर से चुनाव लड़ रहे इन 103 विधायकों की औसत संपत्ति 14.44 करोड़ रुपए थी। रिपोर्ट में कहा गया है, '2023 में फिर से चुनाव लड़ रहे इन 103 विधायकों की औसत संपत्ति 23.87 करोड़ रुपए है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि 2018 और 2023 के तेलंगाना विधानसभा चुनावों के बीच इन 103 फिर से चुनाव लड़ने वाले विधायकों की औसत संपत्ति वृद्धि 9.43 करोड़ रुपये है, जो प्रतिशत वृद्धि 65 प्रतिशत है।

### पैला शेखर रेड्डी की संपत्ति 136.47 करोड़ बढ़ी

रिपोर्ट में कहा गया है कि भोंगिर निर्वाचन क्षेत्र से बीआरएस पैला शेखर रेड्डी ने 136.47 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ संपत्ति में अधिकतम वृद्धि की घोषणा की है। 2018 में उनकी संपत्ति 91.04 करोड़ रुपए थी, जो 2023 में बढ़कर 227.51 करोड़ रुपए हो गई। देवरकादरा निर्वाचन क्षेत्र से बीआरएस के अल्ला वेंकटेश्वर रेड्डी की संपत्ति 59.02 करोड़ रुपए बढ़ गई है, जो 2018 में 20.15 करोड़ रुपए से बढ़कर 2023 में 79.17 करोड़ रुपए हो गई है। इसी तरह, इब्राहिमपटनम निर्वाचन क्षेत्र से बीआरएस के मंचिरेड्डी किशन रेड्डी की संपत्ति 2018 में 7.99 करोड़ रुपए से 52.59 करोड़ रुपए बढ़कर 2023 में 60.58 करोड़ रुपए हो गई है।

# आपराधिक मामलों पर स्थाई समिति को उपराज्यपाल ने किया भंग



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आपराधिक मामलों में जांच की गुणवत्ता और उनके अभियोजन को सुनिश्चित करने के लिए आप सरकार द्वारा गठित स्थाई समिति को यह कहते हुए भंग कर दिया है कि यह 2014 के उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का घोर उल्लंघन है। राज निवास के एक आदेश में यह जानकारी दी गई।

सोमवार को मीडिया के साथ साझा किए गए एक नोट में उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने आपराधिक मामलों में जांच की गुणवत्ता और उनके अभियोजन को सुनिश्चित करने के लिए आप सरकार द्वारा गठित मौजूदा स्थाई समिति को यह कहते हुए भंग कर दिया है कि यह 2014 के उच्चतम न्यायालय के निर्देशों और केंद्र के बाद के दिशा निर्देशों का घोर उल्लंघन है। दिल्ली उच्च न्यायालय के स्थाई वकील फौजदारी की अध्यक्षता और अतिरिक्त स्थाई वकील की सदस्यता वाली मौजूदा स्थाई समिति को भंग करते हुए सक्सेना ने इसके पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसमें एक अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रधान सचिव गृह अध्यक्ष और प्रधान सचिव विधि, निदेशक अभियोजन और विशेष पुलिस आयुक्त, सदस्य होंगे।

### 2014 के सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का बताया घोर उल्लंघन

समिति को रद्द करने पर दिल्ली सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अधिकारी ने बताया कि सक्सेना ने कहा कि मौजूदा समिति को जारी रखने का कोई कारण या औचित्य नहीं है और यहां तक कि उनके पूर्ववर्ती ने भी बार-बार इस पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा कि उनके पूर्ववर्ती अनिल बैजल ने 11 मई 2017 के अपने नोट में शीर्ष अदालत के आदेश के अनुरूप समिति के गठन की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया और उपराज्यपाल सचिवालय द्वारा 19 फरवरी 2018, 22 जून 2018, 18 अक्टूबर 2018 और 31 मई 2019 को स्मरण पत्र जारी किए थे। अधिकारी ने कहा कि समिति के पुनर्गठन के लिए हालांकि कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया था।

## सार समाचार

### जुए के फड पर दबिश, एक दर्जन जुआरी दबोचे

**गुना, देशबन्धु।** जिले की आरोन पुलिस द्वारा कस्बे के पठार मोहल्ले में चल रहे जुए के फड पर दबिश देकर एक दर्जन के करीब जुआरियों को जुआ खेलते हुए रंगेहाथों दबोचा। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर सूचना मिली थी कि पठार मोहल्ला में महाराज सिंह कुशवाह के मकान के सामने जुआ चल रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर 11 जुआरियों को दबोचा। इनमे शोऐब खान पुत्र रफीक खान निवासी वार्ड न.4 जैन मंदिर के पास आरोन, विनोद लोधी पुत्र मुन्नालाल लोधी, संतोष कुशवाह पुत्र हरनाम सिंह कुशवाह, राजेन्द्र पुत्र गणेशराम कुशवाह, बृजेश कुशवाह पुत्र अशोक कुशवाह, नरेन्द्र कुशवाह पुत्र दीवान कुशवाह, महाराज सिंह पुत्र रामचरण कुशवाह, प्रकाश पुत्र गोपाल कुशवाह निवासीगण पठार मोहल्ला आरोन, राजू खान पुत्र शहजाद खान निवासी पुरानी मस्जिद के सामने आरोन, राकेश कुशवाह पुत्र अमोल सिहं कुशवा, सोनू यादव पुत्र विशन सिंह यादव निवासीगण पठार मोहल्ला शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से एक ताश की गड्डी एवं नगदी 4800 रुपये बरामद किए। पुलिस ने सभी पर आरोपीगणों पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### मोटरसाईकिल सवार युवकों का कार चालक ने मारी टक्कर

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत तेलघानी के पास से दो बाईक सवार युवकों को कार ने टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गए। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। मामले में पुलिस ने सीसीटीव्ही की मदद से अज्ञात कार चालक पर धारा 279,337 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में भर्ती नीरज प्रजापति पुत्र घनश्याम प्रजापति निवासी कुम्हार मोहल्ला विगत दिवस अपनी बाईक क्रमांक एमपी 16-4561 से अपने साथी अक्षय कोरी को लेकर हनुमान चौहारे तरफ जा रहे थे। जैसे ही वह तेलघानी चौराहे पर पहुंचे तो एक कार चालक अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके से कार चालक फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले में सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले तो कार का नंबर एमपी 06-0435 मिला। जिसके चालक पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### मेहर माता के दर्शन करने गया था परिवार, चोरों ने किया हाथ साफ

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत सोनी कॉलोनी में एक सूने घर में चोरों ने सेंधमारी कर सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी सहित अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय परिवार मेहर माता के दर्शन करने सतना गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी जितेन्द्र अहिरवार पुत्र कप्तान सिह अहिरवार बंगला मोहल्ला ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि वह पिछले करीबन 2 वर्ष से मेघा प्रेमी निवासी शिमला गार्डन के सामने सोनी कालोनी के यहाँ ड्राइवरी का काम करता है। गत दिवस वह मेघा दीदी, उनकी बेटी और खाना बनाने वाली माया आंटी को गाड़ी से मैहर माता सतना दर्शन के लिये गया था। अगले दिन जब वह रात्रि करीबन 10 बजे सोनी कालोनी निवास पर वापस लौटे तो मेघा दीदी के घर के अन्दर का ताला टूटा हुआ था। सभी ने अंदर जाकर देखा कमरों में रखी अलमारियों के लॉक टूटे हुए थे। दीदी ने अलमारियों को चैक किया तो उनमे रखा नगदी, सोने के आभूषण गायब थे। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर पर मामला दर्ज किया है।

# उधारी और ब्याज के लेनदेन में जमकर चले युवाओं में लाठी-डंडे

## दोनों पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत पायगा मोहल्ले में उधारी के पैसे और ब्याज को लेकर युवाओं के दो गुट आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष के फरियादी इमरान राईन पुत्र नूर इस्लाम (26) निवासी पायगा मोहल्ला ने अपने चचेरे भाई शाहरूख राईन के साथ घायल अवस्था में कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस वह शाहरूख के साथ आदर्श स्कूल के पास पायगा मोहल्ला में खड़ा था। यहां वह आकाश जोशी से उधारी के पैसों के लेनदेन के संबंध में बातचीत कर रहा था। तभी रात्रि करीबन 9 बजे इंसाफ उर्फ डब्बू एवं उसका छोटा भाई गोलू उर्फ माजिद आए और हम दोनों को देखकर गाली गलौंच कनले लगे। इस दौरान आरोपियों ने उनके साथ लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। जिसमें वह घायल हो गए। पुलिस ने मामले में फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी इंसाफ अली पुत्र जमशेर अली (27) निवासी पायगा मोहल्ला ने अपने पड़ोसी कमल सेलर के साथ घायल अवस्था में थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि आज से करीबन एक वर्ष पहले उसने आकाश जोशी को इमरान निवासी पायगा मोहल्ला से पचास हजार रूपये घरेलू काम के लिये उधार दिलवाये थे। जो आकाश जोशी ने इमरान को वापस कर दिये थे। पैसों का ब्याज रह गया था। गत रात इमरान और समीन ने आकाश जोशी को बुलाया और पैसे के लेनदेन में आकाश में थप्पड मार दी। इमरान आकाश को धमका रहा था कि तू हमारा ब्याज क्यों नही दे रहा। विवाद में इंसाफ ने जब इमरान से कहा कि तुम आकाश की मारपीट क्यों कर रहे हो। इसी बात पर दोनों ने उसके साथ भी गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। पुलिस ने मामले में फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# मतगणना संबंधी प्रशिक्षण आज

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी के निर्देशानुसार 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के लिए विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु मतगणना सुपरवाईजर, मतगणना सहायक एवं माईक्रो ऑब्जर्वर का प्रथम प्रशिक्षण शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना के पीछे लाईब्रेरी भवन (ए-ब्लॉक) के ऊपरी मंजिल में 28 नवम्बर को दो पालियों में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 03 बजे से सांय 6 बजे तक आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में नोडल अधिकारी प्रशिक्षण एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रथम कौशिक द्वारा सभी कार्यालय प्रमुखों को प्रशिक्षण में भाग लेने वाले कर्मचारियों को सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

जारी आदेश अनुसार विधानसभा 28-बमोरी, 29-गुना, 30-चांचौड़ा एवं 31-राघौगढ़ हेतु कल 482 प्रशिक्षणार्थियों को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना के पीछे लाईब्रेरी भवन (ए-ब्लॉक) के ऊपरी मंजिल के कक्ष क्रमांक 26 से 31 तक मतगणना प्रशिक्षण के लिए आवंटित किये गये हैं, जिसमें कक्ष क्रमांक 26 में डॉ. हरिओम खटीक सहायक प्राध्यापक शा.पी.जी. कॉलेज गुना, अंशुमन अग्रवाल उमाशि शासकीय उमावि रूठियाई राघौगढ़, कक्ष क्रमांक 27 में डॉ. निरंजन श्रोत्रिय प्राध्यापक शा.पी.जी. कॉलेज गुना, कल्पना रायकवार सहायक प्राध्यापक शा.पी.जी. कॉलेज गुना, कक्ष क्रमांक 28 में डॉ. प्रभात चौधरी प्राध्यापक शा.पी.जी. कॉलेज गुना, श्रीमति सोनू जैन सहायक प्राध्यापक शा.पी.जी. कॉलेज गुना, कक्ष क्रमांक 29 में ललित नामदेव प्राध्यापक शा.पी.जी. कॉलेज गुना, रानी मुगल सहायक प्राध्यापक शा.पी.जी. कॉलेज गुना, कक्ष क्रमांक 30 में श्री राजकुमार वर्मा सहायक प्राध्यापक शा.पी.जी. कॉलेज गुना, देवेन्द्र भड़ेरिया सहायक प्राध्यापक शा.पी.जी. कॉलेज गुना, कक्ष क्रमांक 31 में मनोज भिरोरिया सहायक प्राध्यापक शा.पी.जी. कॉलेज गुना, वंदना गुप्ता सहायक प्राध्यापक शा.पी.जी. कॉलेज गुना द्वारा मतगणना सुपरवाईजर, मतगणना सहायक एवं माईक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया जावेगा। इसी प्रकार डॉ. माधुरी कोरी सहायक प्राध्यापक शा.पी.जी. कॉलेज गुना, अंजु बंसल प्राचार्य ईपीईएस हायर सेकण्डरी खेजरा, शकुंतला प्रजापति सहायक प्राध्यापक शा.पी.जी. कॉलेज गुना को रिजर्व मास्टर ट्रेनर्स के लिए नियुक्त किया गया है।

# विशेष अरदास और कीर्तन के साथ मनी गुरुनानक जयंती

## गुरुद्वारे में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामूहिक लंगर में ली हजारों ने प्रसादी



**गुना, देशबन्धु।** सिख धर्म के संस्थापक प्रथम गुरुनानक देवजी की जयंती अंचलभर में सिख समाज द्वारा हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके पर सुबह से ही गुरुद्वारे में विशेष अरदास एवं कीर्तन का आयोजन हुआ। स्थानीय लक्ष्मीगंज स्थित गुरुद्वारे पर दोपहर में सामूहिक लंगर का दौर शुरू हुआ। जिसमें नगर के सभी समाजों के लोगों ने प्रसादी ग्रहण किया। इसके पूर्व रविवार को सिख समाज द्वारा नगर कीर्तन यात्रा निकाली। वहीं गुरुनानक जयंती के मौके पर रात्री में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

रविवार को शुरू हुए अखंड पाठ साहिब का का समापन सोमवार को हुआ।

गुरुसिंघ सभा के सचिव हरवीर सिंह सूद (मिंटू) ने बताया कि गुरु नानक जयंती पर शाम को गुरुद्वारे में विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम हुए। इस दौरान गुरुद्वारे पर आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई। इसके अलावा कैंट स्थित गुरुद्वारे पर कीर्तन हुआ। गुरुनानक जयंती के मौके पर दिनभर श्रद्धालुओं का तांता गुरुद्वारे में दर्शनार्थ लगा रहा। उल्लेखनीय है कि गुरुद्वारों में 554 वें प्रकाशपर्व की तैयारियां एक महीने पहले से ही चल रही थीं। गुरुद्वारों में दर्जनों ग्रंथियों द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब का जाप किया गया।

# स्व. मिश्रीलाल अग्रवाल की चतुर्थ पुण्य स्मृति में निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर आयोजित



**गुना, देशबन्धु।** लायंस नेत्र चिकित्सालय में स्व॰ मिश्रीलाल अग्रवाल की चतुर्थ पुण्यस्मृति में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त अस्पताल स्टॉफ द्वारा दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर किया गया एवं उन्हें स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नेत्र परीक्षण शिविर में 197 मरीजों का परीक्षण कर 47 मरीजों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिये चयन किया गया। जिनके ऑपरेशन निःशुल्क किए गए। ज्ञातव्य रहे कि लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना में नेत्र दान की सुविधा भी उपलब्ध है। जिससे मरणोपरांत नेत्र दान कर किन्ही दो जरूरतमंद व्यक्तियों की जिदंगी रोशन कर सकते है। लायंस नेत्र चिकित्सालय में अभी तक 7 पुण्यआत्माओं के नेत्र दान कर 14 लोगों की जिंदगी में रोशनी प्रदान की। साथ ही लायंस नेत्र चिकित्सालय में अब तक 62000 से अधिक के सफल मोतियाबिन्द ऑपरेशन किया जा चुके है। लायंस नेत्र चिकित्सालय में चिकित्सीय उपकरण बैंक की सुविधा किरण सेवा न्यास इंदौर के सहयोग से निःशुल्क उपलब्ध है जिमसें व्हिल चेयर, पलंग, गद्दा, ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन कंसनट्रेटर इत्यादि उपकरण उपलब्ध है।

# श्रीजी रजत रथ में विराजमान हो बड़े जैन मंदिर से नसियांजी पहुंचे



**गुना, देशबन्धु।** सकल दिगंबर जैन समाज के वार्षिक विमानोत्सव प्रथम दिवस मुनिश्री आगम सागरजी एवं पुनीत सागरजी महाराज के सानिध्य में बड़े मंदिर जैन मंदिर से प्रारंभ हुए। जो चौधरी मोहल्ला, पंडाजी चौराहा, निचला बाजार, सदर बाजार, जयस्तंभ चौराहा होते हुए श्री नसिया जी पहुंचे। इस दौरान रास्ते भर सभी श्रद्धालुओं ने भक्ति में झूम कर प्रभु की भक्ति की। विमानोत्सव के मौके पर शहर की प्रबंध कारिणी समिति एवं विभिन्न संस्थाओं द्वारा शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया। विमानोत्सव के प्रति लोगों का उत्साह देखते ही बनता था।

विमान नसिया जी पहुंचने पर श्री जी का कलश अभिषेक एवं विश्वशांति की भावना से शांतिधारा हुई। इस अवसर पर मुनिद्वय के आशीर्वचन हुए। कार्यक्रम के अंत में समस्त गुना जैन समाज एवं बाहर से अतिथियों का स्नेहभोज भी आयोजित किया गया। रात्रि कालीन संध्या में मंचीय

# खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच एवं नमूना कार्यवाई निरंतर है जारी



गुना, देशबन्धु। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच एवं नमूना कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नवीन जैन, रवि शिवहरे एवं लखन लाल कोरी द्वारा फर्म श्रीराम डेयरी, मेन रोड, ऊमरी से दूध के दो नमूने, फर्म शिब्बू डेयरी मेन रोड ऊमरी से दूध का नमूना, फर्म जगदीश दूध डेयरी म्याना चैराहा म्याना से दूध के दो नमूने, शर्मा रेस्टोरेंट एवं मिष्ठान भण्डार से बर्फी एवं पेडा के नमूने एवं फर्म ममता डेयरी प्रोडक्ट शास्त्री मार्केट, नयापुरा गुना से दूध, मावा एवं घी के नमूने जाँच हेतु लिये गये। उक्त प्रतिष्ठानों से लिये गये कुल 11 नमूनों को जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है।

### मारपीट मामले में लंबे समय से फरार वारंटी दबोचा

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा मारपीट के एक मामले में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएसपी श्वेता गुप्ता के मार्गदर्शन में गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा गुना कोतवाली के अपराध क्रमांक 914/19 धारा 341, 294, 323, 506, 34 भादवि एवं न्यायालय गुना के प्रकरण क्रमांक 2119/19 में न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी विशाल पवांर निवासी बूढ़े बालाजी गुना के संबंध में सोमवार को मुखबिर से मिली सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुये प्रकरण में लंबे समय से फरार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही है।

# कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष पूर्व पार्षद मित्र मंडल ने किया स्वागत



**आष्टा, देशबन्धु।** प्रकाश महोत्सव गुरु नानक जयंती महोत्सव हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ गुरुद्वारे से शोभा यात्रा के रूप में जुलूस प्रारंभ हुआ श्री राम मंदिर प्रगति गली बड़ा बाजार सिकंदर बाजार चार बत्ती चौराहा होता हुआ बुधवारा सिद्धार्थ हॉस्पिटल चौराहे पर मां पार्वती धाम गौशाला अध्यक्ष एवं कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह पूर्व पार्षद ने भगवान गुरु नानक की पूजन अर्चना कर श्रीफल भेंट किया एवं समाज अध्यक्ष सुशील भोजवानी मुखी सा, पूज्यि सिंधी पंचायत एवं, जितेश मोटवानी (बिट्टू) पूज्य सिंधी युवा संगठन, समाज के वरिष्ठ मनोहर भोजवानी कैलाश भोजवानी का साफा एवं दुपट्टा डालकर स्वागत किया एवं पुष्प वर्षाकर एवं दुपट्टा डालकर मातृशक्तियों का स्वागत किया इस अवसर पर मोहनलाल कुशवाहा, दलकिशोर कुशवाहा, सूरजमल जैन ,प्रकाश कुशवाहा (मामा) लखन सेन शुभम कुशवाहा, सुभाष सोनी सांवरिया, धन्नालाल कुशवाहा ,बबनराव महाडिक, मनोज कुशवाहा, सुशील कुशवाहा ,मनीष धरवा, हिमांशु कुशवाहा, नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद आदि उपस्थित रहे।

# हेलमेट पहनते नजर आए, मोटरसाईकिल चालक, 5 पर कार्यवाई, 25 सौ वसूले



**आष्टा, देशबन्धु।** थाना पार्वति प्रभारी कृष्णगोपाल शुक्ला द्वारा अपनी टीम के साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वहीं चालानी कार्यवाही की जा रही है। थाना प्रभारी श्री शुक्ला द्वारा इंदौर नाके पर मोटरसाईकिल एवं अन्य वाहनों पर दस्तावेजोंकी जांच की वही बगैर हेलमेट के चलने वाले मोटरसाईकिल चालकों पर चालानी कार्यवाही हुई। साथ मे नाबालिग बच्चो को मोटरासाईकिल चलाते हुए पकड़कर पालकों को समझाईश दी। कि वो अपने नाबालिग बच्चों को मोटरसाईकिल न दे। दुर्घटना से बचने का यही एक कारण है कि हेलमेट पहनिए सुरक्षित चलिए कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाए। 5 वाहन चालकों पर 25 सौ रुपये का चालानी शुल्क वसूला गया। श्री शुक्ला ने बताया कि जो नियमो का पालन कर रहे है। उन्हे साधुवाद दिया और जो नियमो का पालन नही कर रहे है। उनके खिलाफ चालानी कार्यवाही की। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# दीपदान के साथ हुआ कार्तिक महोत्सव का भव्य समापन

**गुना, देशबन्धु।** कार्तिक पूर्णिमा पर अंचलभर में भव्य दीपदान, हवन, धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस अवसर पर सनातनी विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ की महिलाओं ने स्थानीय सिंगवासा तालाब पर पहुंचकर दीपदान किया संस्था की जिला प्रभारी ममता शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म में कार्तिक मास का धार्मिक महत्व है। महिलाएं इस संपूर्ण मास में विष्णु भगवान के व्रत रखकर कार्तिक स्नान करती हैं और कार्तिक पूर्णिमा पर हवन पूजन व दीपदान कर कार्तिक मास को विदाई देती है। दीपदान में संगीता दुबे, राधा भार्गव, सरला चौबे, मीताली समाधिया, सुनीता शर्मा, स्नेहलता शर्मा, दीपा रावत, पप्पी रानी दुबे, हेमा तिवारी आदि उपस्थित रहीं। इधर विराट हिउस संस्थापक कैलाश मंथन ने चिंतन हाउस सर्राफा बाजार में विधि विधान पूर्वक भगवान विष्णु श्री हरि सत्यनारायण की पूजा एवं यज्ञ कर कार्तिक पूर्णिमा की पूर्णाहूति दी। इस अवसर पर हवन एवं धार्मिक अनुष्ठान किए गए। हिउस के तहत अंचल के प्रमुख धार्मिक स्थलों सहित केदारनाथ, मालपुर एवं अन्य सिद्ध स्थलों पर दीपावली से प्रारंभ हुए दीपोत्सव पर्व का समापन हुआ।

उल्लेखनीय है कि कार्तिक मास में घर-घर में माताएं, बहनें एवं गृहणियां एक माह तक दीपदान करती हैं एवं उसकी पूर्णाहूति बैकुण्ठ चतुर्दशी को दीपदान एवं पूर्णिमा को हवन तथा स्नानदान के साथ संपन्न होती है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। इस दिन देवता स्वर्ग लोक से उतरकर दीपदान करने पृथ्वी पर आते हैं, इसलिए इस दिन को देव दीपावली के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व दिवाली के 15 दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। धर्म नगर काशी में इस दिन गंगा स्नान, पूजन, हवन और दीपदान का कार्यक्रम किया जाता है। घाटों को दीप जलाकर जगमगाया जाता है। इस अवसर पर मंथन ने बताया कि दीपक प्रकाश देना जानता है इसलिए दीपक की तरह दानी बनें। दीपदान अपनी आत्म जाग्रति का प्रतीक है। इसे सुप्त अवस्था से निकालकर मानव जीवन का वास्तविक लक्ष्य प्राप्त करना ही दीपदान है। मानव शरीर में आत्मरूपी दीपक निरंतर प्रज्जवलित है। दीपक की तरह आत्मा भी बाहरी सृष्टि को प्रकाशित करती है। समय रहते मानव को अपना कर्तव्य जानकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना ही सच्चा धर्म है।

# जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी का जिला स्तरीय सद्भावना सम्मेलन आयोजित



**गुना, देशबन्धु।** जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी गुना के पदेन अध्यक्ष कलेक्टर तरूण राठी के मार्गदर्शन एवं डीईओ चन्द्रशेखर सिसोदिया के नेतृत्व में जिला संगठन प्रताप नारायण मिश्रा रेडक्रॉस कांउन्सलर के सहयोग से जिला स्तरीय सद्भावना 24 से 28 तक उत्कृष्ट विद्यालय होस्टल जाटपुरा परिसर गायत्री मंदिर के पीछे आयोजित किया जा रहा है। जूनियर एवं यूथ रेडक्रॉस कांउन्सलर जितेन्द्र ब्रह्मभट्ट यूथ मोटिवेटर एवं लाइफ कोच ने बताया कि इसमें गुना जिले के चयनित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के जूनियर रेडक्रॉस के दल सहभागिता कर रहे हैं। शिविर का उद्घाटन जिला संगठक प्रताप नारायण मिश्रा एवं ट्रेनर मानक सिंह चौहान एवं श्रीमती द्वारा किया गया। जिसमें प्रशिक्षकों द्वारा रेडक्रॉस का इतिहास एवं प्राथमिक चिकित्सा में के लिए तैयार किया गया। द्वितीय दिवस पर गुना एनडीआरएफ की टीम के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया। वहीं बाढ़ भूकंप एवं दुर्घटना में हम किस तरह दूसरों को एवं स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं। नदी में डूबने से कैसे बचाया जा सकता है, आग की घटना होने पर हम क्या करें आदि विषयों पर विस्तार से बताया। तृतीय दिवस पर डॉ श्वेता अरोरा संचालक मॉर्डन चिल्ड्रन स्कूल ने पौष्टिक एवं सन्तुलित आहार एवं किशोरी एवं किशोरी में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों पर चर्चा की। इस अवसर पर नीतेश जैन, सुनील रघुवंशी, अमित उपाध्याय, रवि पलिया, विक्रम गंगवाल, साजिया खान, मंजू साहू, निशा खान, केशव अन्नोटिया, हेमन्त शर्मा, आलोक चौधरी आदि उपस्थित थे।

# रुठियाई में जैन समाज का वार्षिक विमानोत्सव 29 को



**रुठियाई, देशबन्धु।** सकल दिगंबर जैन समाज रुठियाई द्वारा श्री मज्जिेन्द्र वार्षिक विमानोत्सव 29 नवंबर को आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर एक चल समारोह नारोनी स्थित मंदिर से प्रारम्भ होकर एबी रोड, रेलवे स्टेशन, सदर बाजार से होते हुए संत निवास जिनालय पहुंचेगा। यहां भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन के उपरांत वापस नारोनी स्थित मंदिर पहुंचेगा। कार्यक्रम में सौधर्म इंद्र, ईशान, माहेन्द्र कुमार एवं सनतकुमार इंद्र बने पात्रों ने श्रीजी का अभिषेक कर विश्वकल्याण की भावना के साथ शांतिधारा की जाएगी।

विमानोत्सव के दौरान युवा वर्ग द्वारा सुंदर दिव्यघोष की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस दौरान शाम को समाज का वात्सात्य भोज होगा। जबकि रात्रि 8 बजे से सामूहिक महाआरती एवं पाठशाला परिवार रुठियाई द्वारा भव्य सास्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि रुठियाई विमानोत्सव में गुना, राघौगढ़, एनएफएल, आरोन, कुंभराज, बीनागंज, जामनेर, शाढ़ौरा, अशोकनगर, धरनावदा सहित अनेकों जगहों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

# पुरानी रंजिश पर फर्सी से किया हमला

**गुना, देशबन्धु।** राघौगढ़ थानांतर्गत ग्राम मोतीपुरा में पुरानी रंजिश पर एक व्यक्ति ने दो भाईयों के साथ गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी संजीव पुत्र रामबाबू धाकड़ निवासी ग्राम मोतीपुरा ने अपने चाचा के लडके लक्ष्मण धाकड़ के साथ पुलिस चौकी पहुंचकर शिकायत कि वह और उसका बड़ा भाई राजेन्द्र धाकड, तखत सिंह धाकड की दुकान पर थे। तभी शाम करीब 5.30 बजे गांव का करन सिंह धाकड़ आया और पुरानी रंजिश पर गाी गलौंच कर फर्सी से हमला कर दिया। जिसमें उनकी दो उँगुलियों में चोट आई है। मामले में पुलिस ने आरोपी पर धारा 323, 294, 506 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# भोपाल में मावठे का 10 साल का रिकॉर्ड टूटा

## रुक-रुककर हो रही बारिश दिन का पारा 2.6 डिग्री गिरा



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में इस मौसम का पहला मावठा गिरना शुरु हो गया है। रविवार रात 2 बजे से शुरू हुई हल्की बारिश सोमवार को भी रुक - रुक कर जारी है। इससे ठंड का असर बढ़ गया और लोग गर्म कपड़ों में ही घर से बाहर निकले।

मौसम विभाग के अनुसार रात से सोमवार तक भोपाल में 8.2 मिलीमीटर यानी 0.23 इंच पानी गिर चुका है। भोपाल में 10 साल में पहली बार नवंबर में 8.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वर्ष 2013 से 2023 बारिश के आंकड़ों पर नजर डालें, तो सिर्फ तीन साल बारिश हुई। वर्ष 2019 में 0.6 मिलीमीटर और 2020 में 0.2 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि इस बार 8.2 मिलीमीटर बारिश हो जाने से पिछले 10 सालों का रिकार्ड टूट गया। वहीं बाकी सालों में बादल छाए रहे। मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि वर्तमान में कच्छ के आसपास हवा के ऊपरी भाग में 12 किलोमीटर की ऊंचाई तक एक शक्तिशाली द्रोणिका बनी हुई है, जबकि गुजरात के आसपास हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। वहीं पाकिस्तान के मध्य में एक प्रेरित चक्रवात बना हुआ है। इसके अतिरिक्त उत्तरी मप्र के मध्य में भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इन चार मौसमी सिस्टमों के असर से प्रदेश के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में गरज-चमक के साथ बारिश हो रही है। 30 नवंबर के बाद भी एक और पश्चिम विक्षोम सक्रिय हो रहा है। इससे प्रदेश के जिलों में ठंड का असर बढ़ेगा। हालांकि, नमी की वजह से रात के तापमान में गिरावट की बजाय एक-दो डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। दिसंबर के पहले सप्ताह तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहेगा। लेकिन दूसरे सप्ताह से तेज सर्दी का असर बढ़ने लगेगा।

## डॉ. विक्रम ने जीते सर्वाधिक स्वर्ण पदक



**भोपाल, देशबन्धु।** कर्नाटक में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय मास्टर तैराकी प्रतियोगिता में भोपाल के डॉ.विक्रम बाथम ने व्यक्तिगत स्पर्धा में 4 स्वर्ण और 1 रजत जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा समेत टीम ने उन्हें इस विजय के लिए बधाई दी। कर्नाटक स्थित मंगलौर में 24 से 26 नवंबर तक आयोजित हुई तैराकी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की टीम ने 10 स्वर्ण, 8 रजत और 8 कांस्य जीतकर अपना परचम लहराया। भोपाल के डॉ. विक्रम बाथम ने प्रदेश के लिए सबसे ज्यादा चार स्वर्ण हासिल किए। जबकि उज्जैन के तैराक दिलीप जोशी ने व्यक्तिगत स्पर्धा में 3 स्वर्ण1 रजत और 1 कांस्य पदक जीता, भोपाल के तैराक डॉक्टर कृष्णचंद्र रैकवार ने 4 रजतऔर 1 कांस्य पदक मेडल, सुनील पारिख ने 2 रजत और 1 कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग में भोपाल की तैराक कमलजीत कौर ने व्यक्तिगत स्पर्धा में 2 स्वर्ण और एक कांस्य पदक हासिल किया। पूर्णिमा जोशी ने 2रजत, 1 कांस्य और नंदा मजूमदार ने 3 कांस्त पदक जीत कर भोपाल का नाम रोशन किया।

# चलती मोटर साइकिल से गिरी महिला, मौत

### पहले मासूम बच्चा गोद से गिरा था, उसे बचाने के प्रयास में कूदी थी मां



**भोपाल, देशबन्धु।** बैरसिया इलाके में बीमार मां से मिलने जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया गया है कि महिला पति के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर जा रही थी, तभी उनकी गोद से मासूम बच्चा गिर या। चलती बच्चे को बचाने मां भी गाड़ी से कूद गई। इससे मां की मौत हो गई, जबकि बच्चे की हालत नाजुक है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ममता मोगिया पत्नी सौदान मौगिया उम्र 40 वर्ष डिपरियाई शमशाबाद में रहती थीं। ममता रविवार की शाम को पति के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर अपने मायके महुखेड़ा रही थीं। उनकी गोद में उनका मासूम बेटा था। मायके के करीब ग्राम महुआखेड़ा में ममता की गोद से उनका मासूम बच्चा चलती गाड़ी से गिर गया। उसे पकड़ने के प्रयास में ममता भी कूद गई। इससे उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। आनन-फानन में मां और बच्चे दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां सिर में गंभीर चोट लगने के कारण अधिक खून बहने से ममता की मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और ससोमवार की दोपहर को शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। साथ ही मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

मृतका के समधी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि ममता पांच बच्चों की मां थीं। उनकी मौत के बाद परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनकी बीमार मां की हालत बेटी की मौत की खबर सुनने के बाद अधिक बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा है।

## दाऊदी बोहरा समाज ने नशा मुक्ति पर की कार्यशाला



**भोपाल, देशबन्धु।** अंजुमन-ए-मोहम्मदी दाऊदी बोहरा जमात भोपाल ने धर्म गुरू सयदना मुफ्फदल सैफुद्दीन के आदेश से सोमवार को हैदरी जमातखाना अलीगंज में नशा मुक्ति कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का उद्देश्य नशीली दवाओं और शराब से लेकर, पान गुटखा सहित सोशल मीडिया, मोबाइल फोन, सोशल मीडिया, गेमिंग और भावनात्मक लत के दायरे को व्यापक बनाना था। कार्यशाला में भोपाल जमात के आमिल शेख जोहर शाकिर ने कहा कि आज के युग में नशा केवल नशीली वस्तुओं का ही नहीं है , सोशल मीडिया, मोबाइल फोन,ऑन लाइन गेमिंग और जंक फूड भी युवा पीढ़ी की लत बन गए हैं। इन सब से निकलना ही सबसे महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला का संचालन नशामुक्ति कोच हुसैन और मिस्टर रंजीत मडगावकर द्वारा किया गया, जो स्वयं व्यसनों के नकारात्मक प्रभावों से गुजर चुके हैं।

## सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप के लिए आवेदन 31 दिसम्बर तक

**भोपाल, देशबन्धु।** मानव संसाधन विकास मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग भारत सरकार द्वारा प्रायेजित एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल के माध्यम से महाविद्यालयीन एवं विश्वविद्यालयीन विद्यार्थियों को वितरित की जाने वाली सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एण्ड यूनिवर्सिटीज स्टुडेण्ट की नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया 1 अक्टूबर से प्रारंभ हो गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गयी है। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2023 में उत्तीर्ण 80 से अधिक पर्सेन्टाइल अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी नवीन छात्रवृत्ति हेतु तथा वर्ष 2019 से वर्ष 2022 तक के चयनित विद्यार्थी नवीनीकरण छात्रवृति हेतु आवेदन नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर केवल ऑनलाइन ही भरेंगे। विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप हेतु उपलब्ध दिशा-निर्देशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के पश्चात ही छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने की सलाह दी गई है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन किया



**भोपाल, देशबन्धु।** खुश्बू महिला एवं बाल कल्याण समिति द्वारा भोपाल मेमोरियल अस्पताल के सहयोग से फुलवारी मार्केट अरेरा कालोनी मे रक्तदान शिविर मे का आयोजन किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में लोगों की उपस्तिथि हुई। शिविर में संस्था के सचिव अयान अली द्वारा भी रक्तदान किया गया। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती निकहत अली और वार्ड पार्षद शिखा गोयल द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

## नेशनल लोक अदालत 9 दिसम्बर को

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्री अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में इस वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 दिसम्बर को किया जायेगा।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एसपीएस बुन्देला के अनुसार नेशनल लोक अदालत के लिए सभी न्यायाधीश, नोडल न्यायिक अधिकारी, विद्युत विभाग, नगरपालिका, बैंक, पुलिस, यातायात पुलिस, दूरसंचार विभाग एवं प्रशासन के अधिकारियों तथा बीमा कम्पनियों के अधिकारियों, अधिवक्ताओं सहित पक्षकारों के साथ प्री-सिटिंग बैठकें आयोजित की जा रही है। बुन्देला द्वारा आव्हान किया गया है कि नेशनल लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति के आधार पर कराया जाकर लोक अदालत का लाभ उठाये। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल एवं तहसील विधिक सेवा समिति वैरसिया से सम्पर्क किया जा सकता है।




**भोपाल, देशबन्धु।** एनजीटी के आदेश एवं कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश के बाद जिला प्रशासन द्वारा हरित क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार जारी है । इसके अंतर्गत आज दूसरे दिन कोलार तहसील में बांसखेड़ी से कैंसर अस्पताल तक लगभग 16 अतिक्रमणों को हटाने का कार्य प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी एवं सीपीए के द्वारा किया गया। वहीं जिला प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को अब दो दिन का समय भी दिया है। प्रशासन ने कहा है कि अतिक्रमणकारी दो दिन में खुद ही अतिक्रमण हटा लें, वरना सख्ती से इसे हटाया जाएगा।

### जैन मंदिर में चोरों का धावा

## अष्ट धातु की मूर्ति और 2 दान पेटी ले भागे बदमाश

**भोपाल, देशबन्धु।** नीलबढ़ इलाके में चोरों ने जैन मंदिर में धावा बोलकर अष्ट धातु की कीमती मूर्ति और दो दानपेटी चोरी कर लीं। आरोपियों ने मंदिर के मेन गेट का ताला तोड़कर प्रवेश किया था। रातीबढ़ पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक डॉ.रिषि जैन महावीर बिहार कॉलोनी हरि नगर नीलबढ़ में रहते हैं। वह अपनी कॉलोनी में बने जैन मंदिर के अध्यक्ष हैं। सोमवार की सुबह उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि कॉलोनी में श्री पंचवालयती दिगंबर जैन मंदिर है। जिसमें निर्माण कार्य चल रहा है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के मुख्य द्वार में लगे ताले को तोड़ दिया और अंदर प्रवेश करने के बाद सात इंच की अष्ट धातु से बनी मूर्ति, दो दान पेटी चोरी कर ली। दान पेटी में करीब बीस हजार रुपए की नकदी थी। पुलिस जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

मंदिर समिति के सचिव प्रवेंद्र जैन ने बताया कि चूंकि मंदिर में निर्माण कार्य चल रहा है। इस कारण सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। आस पास के घरों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। बदमाशों ने मंदिर के मुख्य द्वार में लगे ताले को रॉड फंसाकर तोड़ा है। अंदर प्रवेश करने के बाद चोरों ने कीमती मूर्ति और नकदी से भरी दो दान पेटी चोरी कर लीं।

## महिला से ठेकेदार ने केरवा के जंगल में किया दुष्कर्म

**भोपाल, देशबन्धु।** महिला थाना पुलिस ने नीलबड़ में रहने वाली एक महिला की शिकायत पर ठेकेदार के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि 24 नवंबर की रात ठेकेदार उसे मोटर साइकिल से घुमाने के लिए केरवा बांध के पास ले गया था और वहां वारदात को अंजाम दिया।

महिला थाना पुलिस ने बताया कि नीलबड़ निवासी 45 साल की महिला घरों में काम करती है। उसने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी ठेकेदार मुकेश वर्मा से उसकी पहचान थी। दोनों में पहचान होने के कारण बातचीत चलती । इसके साथ ही मुकेश उसे लिफ्ट देने के बहाने घर तक अपनी बाइक से छोड़ने लगा। मुकेश ने जनवरी 2023 में उसके साथ पहली बार दुष्कर्म किया था। इसके बाद उसने मुकेश से बात करना बंद कर दिया। 24 नवंबर को मुकेश ने उसे केरवा बांध में घुमाने के बहाने बुलाया। वह मोटर साइकिल से रात करीब 10 बजे केरवा जंगल में लेकर पहुंचा। वहां डरा धमकाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उससे मारपीट भी की थी। महिला की इस शिकायत पर आरोपी ठेकेदार मुकेश के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

### कुएं में डूबने से युवक की मौत

बैरसिया थाना क्षेत्र में एक युवक की कुएं में डूबने से मौत हो गई। बैरसिया थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम बारेलाखेड़ा निवासी 18 वर्षीय राहुल पुत्र भारत सिंह मीणा अपने घर के पास स्थित कुएं से पानी निकालने पहुंचा था। इस दौरान पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गया। घटना के तुरंत बाद स्वजन उसे कुएं से बाहर निकालकर अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सक ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## युवक ने महिला की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर दी थी जान

**भोपाल, देशबन्धु।** जहांगीराबाद इलाके में रहने वाले युवक ने पूर्व परिचित महिला की प्रताड़ना से तंग आकर जान दी थी। बताया गया है कि आरोपी महिला पुराने संबंधो का हवाला देकर युवक कों फंसाने की धमकी देती थी। वह उसे लगातार पैसे देने की मांग करती थी। आए दिन की धमकियों से तंग आकर युवक ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली थी। इस मामले में दो साल की जांच के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी महिला की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

जहांगीरागाद पुलिस के मुताबिक 38 वर्षीय राजकुमार जौहर बापू कॉलोनी में रहता था। वह बिटनरी कॉलेज में साफ-सफाई का करता था। उसने करीब दो साल पहले 9 नवंबर 2021 को जहरीला पदार्थ खा लिया था। इलाज के दौरान अस्पताल में 17 नवंबर 2021 को मौत हो गई थी। पुलिस ने मौके से नौ पन्नों का पत्र बरामद किया था। इस पत्र के आधार पर दो साल तक चली जांच में पुलिस ने पाया कि राजकुमार की दोस्ती मोहल्ले में रहने वाली मीना मौर्य नाम की महिला से थी। दोनों के बीच जब नजदीकियां बढ़ीं तो राजकुमार मीना की पैसे देकर मदद करने लगा। कुछ समय बाद महिला की शादी हो गई लेकिन शादी के बाद वह अपने पति के साथ जिंसी चौराहे के पास रहने लगी। इसके बाद भी वह राजकुमार से पैसों की मदद मांगती रही। राजकुमार के पास जब पैसे होते थे तो व दे देता था लेकिन बाद में उसने कहा कि मेरा भी परिवार जिसके कारण मेरे पास पैसे नहीं बचते हैं। राजकुमार की इस विवशता के बाद भी वह पैसे मांगती रही। वह धमकी भी देती थी कि अगर पैसे नहीं दिए तो वह अपने भाइयों को पूरी बात बता देगी। साथ ही थाने में रिपोर्ट कर देगी। इस पूरी जांच के बाद के बाद पुलिस ने मीना मौर्य के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## प्राकृतिक खेती के विस्तार के लिए प्रयास होंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** संयुक्त संचालक कृषि बी.एल.बिलैया ने बताया है कि जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों के साथ मिलकर सभी उपाय किए जायेंगे । उन्होंने कहा हैं कि मध्यप्रदेश की खेती- किसानी में बढ़ते पेस्टिसाइड और रासायनिक खाद के उपयोग को रोकने के जैविक खाद निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ाया जाएगा। श्री बिलैया ने बताया कि गौशालाओं में निजी भागीदारी भी सुनिश्चित करने के प्रयास करेंगे, जिससे जैविक खाद निर्माण में और अधिक बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके। पशुपालन विभाग के साथ कृषि विभाग के वैज्ञानिक अनुसंधान कर संभाग की गौशालाओं को आत्म-निर्भर बनाएंगे। निजी सहभागिता से चलने वाली गौशालाओं की सतत निगरानी की जाएगी, जिससे गौशालाओं का व्यवस्थित संचालन हो।

## बोर्ड परीक्षा के कमजोर विद्यार्थियों की कराई जा रही है विशेष तैयारी

**भोपाल, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा पांच फरवरी से शुरू हो रही है। बोर्ड के विद्यार्थियों के पास मात्र दो माह का समय शेष है। चुनाव के कारण अब तक कुछ स्कूलों का पाठ्यक्रम पूरा नहीं हो पाया है। हालांकि छह दिसंबर से नौवीं से 12वीं तक की छमाही परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इसके बाद प्री-बोर्ड और बोर्ड परीक्षा भी होगी। ऐसे में सौ प्रतिशत परिणाम लाने वाले स्कूलों ने विशेष तैयारी शुरू कर दी है। कुछ स्कूलों में त्योहार की छुट्टी और रविवार को भी कक्षाएं लगाकर तैयारी कराई जा रही है। साथ ही कुछ स्कूलों में कमजोर व प्रतिभावान विद्यार्थियों की सूची तैयार कर तैयारी करवाई जा रही है।

उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सुधाकर पाराशर ने बताया कि विद्यालय में प्रतिभावान व कमजोर विद्यार्थियों का अलग-अलग ग्रुप बनाया गया है। प्रतिभावान विद्यार्थियों के ग्रुप की आनलाइन कक्षाएं शाम को लगाई जा रही है। इसमें शिक्षक शाम सात से आठ बजे तक विद्यार्थियों के डाउट्स क्लीयर करते हैं। वहीं कमजोर विद्यार्थियों के लिए स्कूल में सुबह आठ से नौ बजे तक अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जा रही है। साथ ही छुट्टी के दिन सभी की कक्षाएं लगाई जा रही है। इसमें एक-एक सवाल पर विद्यार्थियों को समझाया जा रहा है। साप्ताहिक टेस्ट भी लिए जा रहे हैं।

सीएम राइज स्कूल शासकीय उमावि बरखेड़ी के प्राचार्य केडी श्रीवास्तव ने बताया कि स्कूल में अवकाश के दिनों में भी कक्षाएं लगाई जा रही है। इसमें तिमाही परीक्षा से कमजोर विद्यार्थियों को चिन्हित कर उनकी उपलब्धि स्तर में सुधार करना उनकी समझ को पहचान कर उन्हें सिखाने का प्रयास करना है। इस कक्षा में कमजोर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण प्रश्नों को हल करने का अभ्यास कराया जा रहा है। ऐसे विद्यार्थी जिनकी उपस्थिति कम है उनकी काउंसलिंग की जा रही है। कक्षा से अनुपस्थित रहने वाले कमजोर विद्यार्थियों की उपलब्धि स्तर सुधारने और उनकी स्कूल में उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए स्कूल के शिक्षकों को वार्डन बनाया गया है।

सीएम राइज स्कूल निशातपुरा में हर दिन अतिरिक्त कक्षाएं लगाईं जा रही हैं। साथ ही हर त्योहार और रविवार को भी कक्षाएं लगाई जा रही हैं। तिमाही परीक्षा के परिणाम के आधार पर प्रत्येक कक्षा शिक्षक को कमजोर विद्यार्थियों की जिम्मेदारी दी गई है, ताकि उन्हें अलग से पढ़ा सकें। इसके अलावा क्लास में हर महीने परीक्षा लेकर टापर को चिन्हित कर उसकी फोटो लगाई जाती है, ताकि अन्य विद्यार्थी प्रेरित हो सकें।

## बरकतउल्ला विवि में परीक्षा आवेदन भरने की संशोधित तारीखें जारी

**भोपाल, देशबन्धु।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर नियमित, स्वाध्यायी, एटीकेटी संबद्ध कॉलेजों के लिए पीजी परीक्षा फार्म भरने की संशोधित तारीखें जारी की हैं।

विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत तृतीय सेमेस्टर स्नातकोत्तर के परीक्षा आवेदन आनलाइन के माध्यम से भरे जा सकते हैं। इनमें एमए, एमकाम, एमएससी, एमएससी होमसांइस, मास्टर ऑफ सोशल वर्क, एमए यौगिक सांइस नियमित, स्वाध्यायी, एटीकेटी परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन पत्र (सत्र 2023-2024.) एमपी आनलाइन के माध्यम से भरे जाने हैं। जारी तिथियों के अनुसार सामान्य शुल्क के साथ फार्म 30 नवंबर तक भरे जा सकेंगे। विलंब शुल्क 300 रुपये के साथ आवेदन एक से चार दिसंबर के बीच भरे जाना है। वहीं विशेष विलंब शुल्क 1000 रुपये के साथ छह दिसंबर से परीक्षा शुरू होने के तीन दिन पहले तक फार्म भरे जा सकेंगे।

वहीं विश्वविद्यालय ने यूजी व पीजी के विभिन्न पाठ्यक्रमों की पीजी तीसरे, पांचवें और सातवें सेमेस्टर की नियमित व एटीकेटी की परीक्षाएं 11 दिसंबर से शुरू होना है। इसे लेकर इस बार विवि प्रबंधन नकल प्रकरण पर रोक लगाने के लिए चार उड़नदस्तों की टीम गठित की जा रही है। पिछली परीक्षाओं में 150 नकल प्रकरण बने थे। सभी में मोबाइल व ब्लूटूथ के जरिए नकल प्रकरण सामने आए थे। इस बार एहतियात अधिक बरते जाएंगे।

उधर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने पीजी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के नामांकन का कार्य अभी पूरा नहीं हो सका है, जबकि शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार 22 नवंबर से परीक्षा शुरू होनी थी। लेकिन विश्वविद्यालय प्रबंधन ने अब तक परीक्षा की समय-सारिणी जारी नहीं की है। अब यह परीक्षा दिसंबर अंत या जनवरी के प्रथम सप्ताह में हो सकती हैं। फिलहाल पीजी तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरे जा रहे हैं। परीक्षा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख 21 नवंबर थी। वहीं विलंब शुल्क के साथ 30 नवंबर तक फार्म भर सकते हैं।

देशबन्धु

भोपाल, मंगलवार 28 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# मोदी को बेनकाब करता सोनिया गांधी का लेख

आधारहीन होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस पार्टी, उनके नेताओं एवं सरकारों की जिस अशोभनीय तरीके से आलोचना करते हैं, उसकी कलई अब धीरे-धीरे खुलने लगी है। चाहे भ्रष्टाचार हो या वंशवाद का सन्दर्भ अथवा सरकार के कामकाज से सम्बन्धित कोई तथ्य हो- अब मोदी, उनकी सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपनाये जाने वाले दोहरे मानदंडों वाले व्यवहार का भी पर्दाफाश हो गया है। सच तो यह है कि मोदी के दूसरे कार्यकाल के समाप्त होते न होते उनके झूठ व प्रपंच पूरी तरह से जगजाहिर हो गये हैं। विकास के मुद्दों पर तो मोदी यही रटी-रटायी बात करते थे कि पिछले 70 वर्षों में कुछ भी नहीं हुआ है, वहीं वे यह बताते थे कि उनकी पूर्ववर्ती डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार (दो कार्यकाल) पूरी तरह से कठपुतली सरकार थी जो सोनिया गांधी के इशारे पर काम करती थी। वे हाल के चुनाव प्रचार तक यही कहते रहे हैं कि मनमोहन सिंह का रिमोट मैडम (आशय- सोनिया गांधी) के हाथ में रहता था। मोदी का यह भी कहना रहा है कि राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (नेशनल एडवाइज़री काउंसिल-एनएसी) दूसरा पॉवर सेंटर बन गया था जिसका संचालन सोनिया गांधी करती थीं।

इस मुद्दे पर सोनिया गांधी ने अब जो जवाब दिया है वह लोगों के लिये आंखें खोल देने वाला तो है ही, मोदी एवं उनके जैसों को निरूत्तर करने के लिये भी काफी होना चाहिये, बशर्ते उनमें सच्चाई का सामना करने का साहस तथा नैतिकता का तकाज़ा हो। अपनी आने वाली एक किताब में सोनिया गांधी ने इस पर स्पष्टीकरण तो दिया ही है, मोदी सरकार पर गम्भीर आरोप जड़ दिये हैं। उन्होंने कहा है कि उन पर मनमोहन सिंह सरकार को नियंत्रित करने का आरोप लगाने वाले मोदी की अपनी सरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आदेशों के अनुसार काम करती है जो न विश्वसनीय है न निर्वाचित। उन्होंने इससे इंकार किया कि एनएसी कोई दूसरा शक्ति केन्द्र था। उनके अनुसार यह लोगों के अधिकारों व उनके सशक्तिकरण सम्बन्धी सुझाव देती है। किताब में 'एन्हैंसिंग पीपल्स राइट एंड फ्रीडम- एनएसी रिविजिटेड' शीर्षक वाले अध्याय में उन्होंने कहा है कि यह विडम्बना है कि एनएसी को अपमानित किया गया है जबकि मौजूदा एनडीए सरकार अपनी नीतियों को लेकर आरएसएस से निर्देश लेती है। उन्होंने आगे बताया है कि 2015 में केन्द्रीय मंत्रियों ने अपनी नीति का पूरा खाका उनके सामने प्रस्तुत किया था जिसे स्वयं मोदी ने 'सरकार को मार्गदर्शन' का नाम दिया था पर ये लागू नहीं किये गये।

सोनिया गांधी ने साफ किया है कि एनएसी का काम केवल सुझाव देना था। अमल करना या न करना प्रधानमंत्री व सरकार के विवेक पर निर्भर था। उन्होंने याद दिलाया कि जब अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजातियों के लिये अलग से बजट बनाने और गैर संगठित क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिये भी सामाजिक सुरक्षा का कार्यक्रम बनाने का सुझाव दिया गया था तो वे फैसले नहीं माने गये। यूपीए की अध्यक्ष एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष का संकेत प्रधानमंत्री के विवेकाधिकार की ओर ध्यान दिलाना था जो शक्ति केन्द्र नहीं है। वह केवल पीएम के सलाहकार निकाय के रूप में कार्यरत थी। सोनिया का यह कहना भी बिलकुल सही है कि एनएसी की आलोचना इसलिये की जा रही है क्योंकि उसकी अध्यक्ष व कांग्रेस की अध्यक्ष वे ही थीं। उन्होंने लेख बताया कि केवल बाजार ही लोगों के विकास को सुनिश्चित नहीं कर सकता। इसके लिये लोगों के अधिकारों को अक्षुण्ण बनाये रखना एवं उनमें इज़ाफ़ा करना भी आवश्यक होता है जो करने की कोशिश उनके रहते परिषद द्वारा की गई थी।

सोनिया का लेख बतलाता है कि मोदी की समझ न केवल संकीर्ण व पूर्वाग्रह से ग्रस्त है वरना वह दोषपूर्ण भी है। मनमोहन निश्चित रूप से सोनिया की ही पसंद के व्यक्ति थे क्योंकि उन्होंने पीएम बनने से इंकार कर दिया था, लेकिन यह भी सच है कि उन्होंने पूरी आज़ादी से काम किया था। तत्कालीन एनएसी ने भी बेहतरीन सुझाव देते हुए भारत की खुशहाली में बड़ा योगदान दिया था। मनमोहन सिंह के अनेक कार्यों की रूपरेखा पर पहले उनकी सलाहकार परिषद में भी विचार-विमर्श हुआ और उसे मनमोहन सिंह जैसे कुशाग्र व्यक्ति द्वारा परिमार्जित कर लागू किया गया था। इसके बेहतरीन नतीजे भी प्राप्त हुए थे। एनएसी की सलाह पर सरकार ने सूचना का अधिकार लागू किया जिससे लोगों की पहुंच आवश्यक जानकारियों तक हो सकी है। इससे सरकार की जवाबदेही बढ़ी तथा लोक सेवा की प्रणाली अधिक सक्रिय हुई है। भोजन के अधिकार ने बड़े पैमाने पर लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। कुपोषण की समस्या से भी एक बड़ी आबादी को छुटकारा मिल सका था। शिक्षा के अधिकार ने साधनविहीन परिवार के बच्चों को भी गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने वाले परन्तु महंगे स्कूलों में प्रवेश दिलाया ताकि सामाजिक न्याय का मार्ग प्रशस्त हो। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना (मनरेगा) को नहीं भुलाया जा सकता, जिसने रोजगार को अधिकार के साथ जोड़ा है। जब ग्रामीणों के पास जीविकोपार्जन के साधन नहीं रहते, उनके द्वारा मांग करने पर रोजगार देने के लिये शासन को बाध्य करने वाला कानून इसी एनएसी के जरिये आया था। इसने देश की एक बड़ी आबादी को कोरोना काल में भूखे मरने से बचाया था। इसका महत्व इसी बात से लगाया जा सकता है कि संसद में इसे कांग्रेस सरकार की 'विफलता का स्मारक' बतलाने वाले मोदी की पार्टी इसके तहत हुए कामों का बखान अपने चुनावी घोषणापत्र में करती दिखाई दी। सोनिया का लेख मोदी को बेनकाब करता है।

# संविधान दिवस यानी पाखंड पर्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर देशवासियों को संविधान दिवस की बधाई देने के जरिए, प्रकारांतर से संविधान में अपनी निष्ठा की बात भी दोहराई। यह दूसरी बात है कि इस बार किन्हीं कारणों से प्रधानमंत्री ने, 26 नवंबर की अपनी ''मन की बात'' में संविधान दिवस की महत्ता का बखान करने पर ही संतोष कर लिया। पिछले वर्षों के विपरीत इस बार उन्होंने संविधान दिवस के मौके पर, अपने हिसाब से संविधान को ही देखने की कोई नयी दृष्टि देना जरूरी नहीं समझा, जैसे कि मिसाल के तौर पर 2019 से वह संविधान के संदर्भ में मौलिक अधिकारों के मुकाबले में, मौलिक कर्तव्यों को ज्यादा महत्व दिए जाने का आग्रह संविधान के संदर्भ में उनके संबोधनों की मुख्य थीम बना रहा है। इसे पिछले साल इसी मौके पर, सर्वोच्च न्यायालय के आयोजन में अपने संबोधन में भी प्रधानमंत्री ने दोहराया था।

हैरानी की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार इस सिलसिले में यह याद दिलाना कभी नहीं भूलते हैं कि 1949 में संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर को संविधान के स्वीकार किए जाने के दिन को, संविधान दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत 2015 से वर्तमान निजाम में ही हुई थी। इससे पहले तक तो, 1950 में इस संविधान के लागू होने के दिन, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाना ही, संविधान में निष्ठा जताने के लिए काफी समझा जाता था। लेकिन, मोदी राज के सरकारी कैलेंडर में, गणतंत्र दिवस से अलग, संविधान दिवस के पालन को जुड़वाने के पीछे, संविधान के साथ ठीक वैसा ही सलूक छुपा हुआ है, जैसा सलूक अंबेडकर, सरदार पटेल आदि से लेकर सुभाषचंद्र बोस आदि तक के मौजूदा राज के ''सम्मान'' के साथ लगा रहता है। और यह है सम्मान या नामस्मरण के नाम पर प्रतिमा पर माला चढ़ाने से लेकर स्मारक बनाने तक के पाखंड और इस पाखंड की ओट में, ठीक उल्टे रास्ते पर चलना। इसी सलूक का एक और उदाहरण, भारत के ''मदर ऑफ डैमोक्रेसी'' होने का ढोल पीटना और वास्तविक अमल से यह सुनिश्चित करना है कि शेष दुनिया भारत को ''आंशिक जनतंत्र'' से लेकर ''चुनावी तानाशाही'' या ''चुनावी निरंकुश शासन'' तक कहे और प्रेस की स्वतंत्रता के सूचकांक पर भारत, कुल 180 देशों में 161वें स्थान पर हो!

संविधान के साथ मौजूदा निजाम के इसी शत्रुतापूर्ण सलूक के जीते-जागते सबूत के तौर पर, देश के सर्वोच्च न्यायालय को इस बार संविधान दिवस के कर्मकांड से सिर्फ दो दिन पहले, इस निजाम के राज्यपालों की एक प्रकार से संवैधानिक व्यवस्था को ही पलटने की कोशिशों के खिलाफ काफी सख्त फैसला सुनाना पड़ा था। पंजाब के राज्यपाल, बनवारी लाल पुरोहित के द्वारा राज्य विधानसभा द्वारा पारित किए गए विधेयकों को रोक कर रखे जाने और वास्तव में विधानसभा की बैठकों को ही अमान्य ठहराने के खिलाफ, राज्य की निर्वाचित सरकार की याचिका पर 23 नवंबर को सुनाए गए अपने महत्वपूर्ण निर्णय में, सुप्रीम कोर्ट को एक न्यूनतम पूर्वाधार के रूप में संवैधानिक व्यवस्था के इस बुनियादी सिद्धांत को दोहराना पड़ा है कि, ''राज्य के एक अनिर्वाचित प्रमुख के रूप में राज्यपाल को कुछ संवैधानिक शक्तियां सौंपी गयी हैं'', लेकिन ''इस शक्ति का उपयोग राज्य विधायिका (सरकार) द्वारा कानून बनाने की सामान्य प्रक्रिया को विफल करने के लिए नहीं किया जा सकता है।'' और यह भी कि राज्यपाल, ''एक प्रतीकात्मक प्रमुख हैं और वह राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई रोक नहीं सकते हैं।''

अनिर्वाचित, प्रतीकात्मक प्रमुख के रूप में राज्यपालों के निर्वाचित विधायिका के विधान बनाने के काम को ही विफल करने की इस प्रवृत्ति पर और इसके लिए राज्यपालों द्वारा राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर लंबे समय तक बैठे रहकर, विधायी प्रक्रिया को ही रोक देने की कोशिशों को, सुप्रीम कोर्ट ने अनिर्वाचित प्रतीकात्मक प्रमुख की निर्वाचित राज्य विधायिका पर वीटो हासिल करने की कोशिश करार देते हुए, ऐसी कोशिशों को दो-टूक शब्दों में संविधान के विरुद्ध के रूप में अमान्य कर दिया है। इसी क्रम में सुप्रीम कोर्ट ने किसी भ्रम की गुंजाइश नहीं छोड़ते हुए, अपने निर्णय में यह भी स्पष्ट किया है कि, निर्वाचित राज्य विधायिका द्वारा विधेयक पारित किए जाने के बाद, राज्यपाल के पास तीन ही विकल्प होते हैं— विधेयक को मंजूरी देना, नामंजूर हो तो उसे संशोधन या सुझाव के साथ या पुनर्विचार के अनुरोध के साथ विधायिका को लौटाना और विधेयक राष्ट्रपति को रैफर करना। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया इनके अलावा, अनंतकाल तक विधेयक को रोके रखने जैसा कोई चौथा विकल्प, राज्यपाल को उपलब्ध नहीं है। उल्टे सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल द्वारा 'यथाशीघ्र' निर्णय लेकर, विधायिका को सूचित किए जाने की अनिवार्यता को रेखांकित करते हुए याद दिलाया कि, ''राज्यपाल को किसी विधेयक को बिना किसी कार्रवाई के अनिश्चितकाल तक लंबित रखने की आजादी नहीं दी जा सकती है।''

हालांकि सुप्रीम कोर्ट का 23 नवंबर का उक्त निर्णय, पंजाब के राज्यपाल के आचरण के संबंध में निर्वाचित राज्य सरकार की याचिका के विशेष संदर्भ में आया है, लेकिन सच्चाई यह है कि मोदी निजाम द्वारा बैठाए गए राज्यपालों ने विपक्ष शासित राज्यों में, शासन का काम-काज बाधित करने के जो हथकंडे विकसित किए हैं, विधानसभाओं द्वारा पारित किए गए विधेयकों को लंबे अर्से तक रोके रखन, इन हथकंडों में से एक महत्वपूर्ण हथकंडा है। इसका सहारा लेकर, राज्यपाल इस स्पष्ट संवैधानिक व्यवस्था को धता बता सकता है कि राज्य विधायिका द्वारा पारित विधेयक, राज्यपाल द्वारा पुनर्विचार के लिए लौटाए जाने के बाद, अगर विधानसभा उसे दोबारा पारित कर देती है, तो राज्यपाल को उसके लिए मंजूरी देनी ही होगी। ठीक उसी समय जबकि पंजाब में मामले में सुप्रीम कोर्ट उक्त सख्त और दो-टूक निर्णय दे रही थी, सुप्रीम कोर्ट में ही तमिलनाडु और केरल की विपक्षी सरकारें भी, अपने राज्यपालों के ठीक ऐसे ही विधेयकों पर दो-दो साल से बैठे रहने के खिलाफ पहुंची हुई थीं। तमिलनाडु की याचिका चंद दिनों में सुप्रीम कोर्ट लेने जा रही है, जबकि केरल की याचिका के सिलसिले में उक्त निर्णय सुनाने के अगले ही दिन, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के राज्यपाल को अपने इस निर्णय का अध्ययन करने और जाहिर है कि उसकी रौशनी में जरूरी सुधार करने की सलाह दे दी। शीर्ष अदालत शीघ्र ही इस मामले पर भी गौर करने जा रही है।



राजेन्द्र शर्मा

**प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार इस सिलसिले में यह याद दिलाना कभी नहीं भूलते हैं कि 1949 में संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर को संविधान के स्वीकार किए जाने के दिन को, संविधान दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत 2015 से वर्तमान निजाम में ही हुई थी। इससे पहले तक तो, 1950 में इस संविधान के लागू होने के दिन, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाना ही, संविधान में निष्ठा जताने के लिए काफी समझा जाता था।**

मोदी राज द्वारा छांट-छांटकर जिस तरह के राज्यपाल बैठाए गए हैं, उन्होंने विपक्ष-शासित राज्यों में जैसे आम तौर पर विपक्ष की सक्रिय भूमिका ही संभाल लेने की कोशिश की है। अव्वल तो इनमें से अधिकांश संघ-भाजपा के सक्रिय नेता ही रहे हैं, जो स्वाभाविक रूप से ऐसी भूमिका अपनाने के लिए उत्सुक हैं और कुछेक अगर नहीं भी हैं तो पुरुस्कार या दंड के जरिए, उन्हें इस रास्ते पर धकेल दिया जाता है। इसका नतीजा लगभग सभी विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपालों के कमोबेश, निर्वाचित सरकार के काम में अड़चनें खड़ी करने में लगे होने के रूप में ही सामने आ रहा है। बहरहाल, राज्यपालों और विपक्षी सरकारों के बीच के इस टकराव में, एक महत्वपूर्ण समान तत्व उच्च शिक्षा संस्थाओं पर, संघ का कब्जा कराने के लिए, अपना निरंकुश नियंत्रण कायम करने की राज्यपालों की कोशिशों का है। केरल, तमिलनाडु तथा अन्य विपक्ष शासित राज्यों में भी सरकारों ने, राज्यपालों की उच्च शिक्षा संस्थाओं के प्रतीकात्मक प्रमुख से आगे बढ़कर, निरंकुश कार्यपालक प्रमुख बनने की कोशिशों को रोकने के लिए, संबंधित कानूनों में संशोधन पारित किए हैं। लेकिन, राज्यपाल दो-दो बरस से इन संशोधनों पर बैठे हुए हैं और राज्यों की उच्च शिक्षा व्यवस्था में अराजक स्थितियां पैदा कर रहे हैं।

अनिर्वाचित प्रतीकात्मक प्रमुखों के, निर्वाचित सरकारों की सत्ता व अधिकार हड़पने की इस कहानी के मामले में, औपचारिक रूप से उप-राज्यपाल कहलाने वाले लैफ्टीनेंट गवर्नर तो, राज्यपालों से भी दो कदम आगे नजर आते हैं। दिल्ली में उपराज्यपाल ने तो केंद्र के प्रत्यक्ष आशीर्वाद से एक प्रकार से दुहरी शासन व्यवस्था ही थोपी हुई है, जिसका नतीजा अनेक महत्वपूर्ण मामलों में शासन-प्रशासन का काम अटके रहने से लेकर ठप्प होना तक है। यह स्थिति इसके बावजूद है कि सुप्रीम कोर्ट, कम से कम दो अलग-अलग मौकों पर, स्पष्ट रूप से यह कह चुकी है कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार ही, दिल्ली की वास्तविक सरकार है। लेकिन, मोदी सरकार ने हर बार, दिल्ली से संबंधित कानूनों में संशोधन कर के जमीन पर यह स्थापित करने की कोशिश की है कि लैफ्टीनेंट गवर्नर और जाहिर है कि उसके माध्यम से केंद्रीय गृहमंत्रालय ही, दिल्ली की वास्तविक सरकार है। ताजातरीन संशोधन तो नौकरशाहों की नियुक्ति, तबादले आदि के मामलों के संबंध में, इसी साल कुछ ही महीने पहले किया गया है। और यह सब तब है जबकि दिल्ली में सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस तथा जमीन के मामले पहले ही सीधे केंद्र के हाथों में हैं। दिल्ली की ही तरह, जब तक पुदुच्चेरी में विपक्षी सरकार थी, भाजपा नेता से लैफ्टीनेंट गवर्नर बनाकर बैठाई गईं किरण बेदी ने, उसका काम करना मुश्किल बनाए रखा था। यहां तक कि एक मौके पर तो खुद मुख्यमंत्री को उप-राज्यपाल के खिलाफ धरने पर भी बैठना पड़ा था।

बेशक, अनिर्वाचित राज्यपालों/ उप-राज्यपालों के जरिए, निर्वाचित राज्य सरकारों की सत्ता का अपहरण करने के इस संविधानविरोधी खेल का ही और भी बड़ा रूप, हमें जम्मू-कश्मीर में देखने को मिल रहा है। वहां छः साल से ज्यादा से सीधे केंद्र तथा केंद्र के एजेंट का शासन चल रहा है, लेकिन निर्वाचित सरकार की कोई सुनगुन ही नहीं है। इसी दौरान राज्य के बांटे जाने तथा उसका दर्जा घटाकर केंद्र शासित क्षेत्र का किए जाने के बाद भी, चार साल गुजर जाने के बावजूद और विधासभाई सीटों के परिसीमन तथा मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के सारे काम पूरे हो जाने और आतंकवाद पर काबू पाए जाने के सारे दावों के बावजूद, विधानसभाई चुनाव को कहीं कोई जिक्र नहीं है। हैरानी की बात नहीं होगी कि जम्मू-कश्मीर में संविधान दिवस का पाखंडपूर्ण कर्मकांड भी शायद ही हुआ हो।

संविधान दिवस के पाखंडपूर्ण कर्मकांड मात्र होने पर ही जैसे मोहर लगाते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी ''दुर्भाग्यपूर्ण'' करार देते हुए याद दिलाई कि संविधान में 'पहला संशोधन वाणी की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने के लिए किया गया था।' पर इस पर अफसोस का पाखंड उस सरकार का मुखिया कर रहा था, जो ठीक उसी समय परंपरागत तथा इलैक्ट्रोनिक मीडिया को लगभग पूरी तरह से कांख में दबाने के बाद, सामाजिक तथा अन्य नये मीडिया व मनोरंजन प्लेटफार्मों की भी मुश्कें कसने में जुटी हुई है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# असम में इंडिया साझेदारों में सीट बंटवारे पर माथापच्ची

**■ आशीष विश्वास**

पड़ोसी पश्चिम बंगाल की तरह, 2024 के लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ इंडिया गठबंधन के घटकों द्वारा आमने-सामने की लड़ाई सुनिश्चित करने के प्रयास असम में भी ठीक नहीं चल रहे हैं, जो 14 सीटों के साथ पूर्वोत्तर भारत का सबसे बड़ा राज्य है।

राष्ट्रीय स्तर पर, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसी पार्टियां सीटों की साझेदारी के प्रमुख मुद्दे पर तत्काल समझौते के लिए दबाव डाल रही थीं, परन्तु सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता और नये इंडिया गठबंधन के स्पष्ट राजनीतिक केंद्र के रूप में, कांग्रेस जवाब नहीं दे रही थी।

उनका व्यापक तर्क था: व्यापक विपक्षी गठबंधन में इतने सारे दलों और कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी और विभिन्न क्षेत्रीय दलों के बीच स्पष्ट नीतिगत मतभेदों, और संभवतः कुछ के बदमिजाजी के कारण कोई भी सीट समायोजन अभ्यास समय साध्य होना ही था। यह संपूर्ण भाजपा-विरोधी विपक्ष को एक छतरी के नीचे लाने के बड़े महत्वाकांक्षी उद्देश्य का अब तक का सबसे कठिन हिस्सा था।

**टीएमसी और आप दोनों ही राजनीतिक रिकॉर्ड के मामले में राज्य के साथ-साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र में नये लोगों की श्रेणी में हैं! चूंकि राज्य में सीटों की संख्या केवल 14 है, अनौपचारिक बातचीत की ऐसी प्रवृत्ति इस बात का स्पष्ट संकेत देती है कि असम में सीट समायोजन वार्ता कितनी कठिन साबित हो सकती है। जहां तक पश्चिम बंगाल की बात है, वहां स्थिति और भी खराब थी।**

इसके अलावा, अधिकांश क्षेत्रीय दलों ने, अनौपचारिक रूप से सीटों की प्रारंभिक मांग रखते हुए भी, यह स्पष्ट कर दिया था कि पूरे भारत में, उन्हें उम्मीद है कि कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उनके हितों को समायोजित करेगी, जो राजनीतिक नेतृत्व का एक महान उदाहरण स्थापित करेगी। इसके साथ ही, उन्होंने कांग्रेस को एक ऐसी पार्टी बताया, जिसका पतन हो चुका है और अगर भाजपा को राष्ट्रीय स्तर पर हराना पहली प्राथमिकता है, तो उसे क्षेत्रीय दलों की मदद की सख्त जरूरत है।

राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक वोट प्रतिशत, 2019 के लोकसभा चुनावों में लगभग 20प्रतिशत, के साथ सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के रूप मेंकांग्रेस नेताओं ने जोर देकर कहा कि कोई भी क्षेत्रीय पार्टी उनके वोट शेयर या हासिल की गई सीटों की संख्या के करीब भी नहीं आई। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी की प्रभावशाली भारत जोड़ो यात्रा को काफी लोकप्रिय समर्थन मिला है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि वे इसी कारण पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों के नतीजे आने तक सीट समायोजन वार्ता के लिए इंतजार करने के लिए इंडिया गठबंधन की छोटी पार्टियों पर हावी हो गये। गैर-कांग्रेसी इंडिया गठबंधन साझेदारों को 3 दिसंबर के नतीजों के लिए अनिच्छा से इंतजार करना पड़ा।

जहां तक असम का सवाल है, टीएमसी और आप दोनों ने अनौपचारिक रूप से कम से कम 5 सीटों पर लड़ने का दावा किया है! यह, सीपीआई (एम), सीपीआई, रायसर दल, असम जातीय परिषद और मैदान में अन्य स्थानीय स्थापित पार्टियों की सीटों के लिए की जाने वाली समान मांगों के संदर्भ या चर्चा के बिना है।

ऐसा इस तथ्य के बावजूद है कि टीएमसी और आप दोनों ही राजनीतिक रिकॉर्ड के मामले में राज्य के साथ-साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र में नये लोगों की श्रेणी में हैं! चूंकि राज्य में सीटों की संख्या केवल 14 है, अनौपचारिक बातचीत की ऐसी प्रवृत्ति इस बात का स्पष्ट संकेत देती है कि असम में सीट समायोजन वार्ता कितनी कठिन साबित हो सकती है।

जहां तक पश्चिम बंगाल की बात है, वहां स्थिति और भी खराब थी। विवाद में 42सीटों के साथ, सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम या कांग्रेस जैसे प्रमुख इंडिया सहयोगी सत्तारूढ़ टीएमसी से बात करने को भी तैयार नहीं हैं। जैसा कि सीपीआई (एम) और कांग्रेस के राज्य नेता खुले तौर पर कहते हैं, कि टीएमसी के साथ सीटें साझा करने की बात पर वे अपने केंद्रीय नेतृत्व से सहमत नहीं होंगे, क्योंकि बंगाल में सभी विपक्षों को खत्म करने के लिए टीएमसी की घोर ज्यादतियां, भ्रष्टाचार और आधिकारिक मशीनरी का दुरुपयोग है।

गौरतलब है कि न तो केंद्रीय सीपीआई (एम) नेताओं और न ही कांग्रेस आलाकमान ने कोई संकेत दिया है कि वे राज्य के पार्टी नेताओं को अपने टीएमसी विरोधी रुख को नरम करने के लिए दृढ़ता से निर्देश देंगे। हालांकि, ऐसे संकेत हैं कि दिल्ली स्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीएमसी के साथ कुछ समायोजन करने की बहुत कोशिश कर रहे हैं, अगर टीएमसी सबसे पुरानी पार्टी को कम से कम 5/6सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति देती है।

इस नाजुक स्थिति में, असम कांग्रेस के नेता भूपेन बोरा और देबब्रत सैकिया ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी आलाकमान ने असम के लिए सीट समायोजन प्रस्तावों की जांच करने और उन्हें अंतिम रूप देने के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति या पार्टी अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, अन्य दलों के साथ बातचीत के बाद सीट समायोजन और अन्य मुद्दों पर पार्टी की अंतिम स्थिति की घोषणा करेंगे।

असम से नवीनतम मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, असम कांग्रेस के अध्यक्ष श्री बोरा और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता श्री सैकिया ने स्पष्ट किया कि सीट समायोजन पर कांग्रेस नेताओं द्वारा घोषित अंतिम निर्णय इंडिया गठबंधन के भीतर बाध्यकारी होगा।

यह अप्रत्याशित नहीं कि आप और टीएमसी दोनों ने इसका जोरदार और तुरंत विरोध किया। आप इस बात पर जोर देने की इच्छुक है कि वह नये गठबंधन के भीतर मुख्य भूमिका के रूप में क्या देखती है, खासकर पंजाब में जीत के बाद, जो दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश के बाद उसकी बेल्ट के तहत दूसरा राज्य है। कांग्रेस के बाद, वह खुद को भाजपा-विरोधी समूह में पहले स्थान पर देखती है। इसके नेताओं ने कुछ मामलों में त्रिपुरा, गोवा या असम में अपनी छाप छोड़ने में टीएमसी की विफलता का जिक्र करते हुए टीएमसी पर भी कटाक्ष करना शुरू कर दिया है।

राज्य स्थित टीएमसी और आप नेताओं ने असम में मीडिया से कहा कि ऐसा कोई कारण नहीं है कि केंद्रीय कांग्रेस नेतृत्व द्वारा राज्य में सीट बंटवारे के बारे में घोषित निर्णय को भाजपा के खिलाफ लड़ाई में उसके गैर-कांग्रेसी सहयोगियों के लिए 'बाध्यकारी' माना जाये।

स्पष्ट रूप से, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में विपक्षी नेताओं ने अपनी अलग-अलग राजनीतिक मजबूरियों को देखते हुए, भाजपा विरोधी एक महत्वपूर्ण राजनीतिक एकजुटता हासिल करने के लिए अपना काम बंद कर दिया है।

## पावन प्रसंग

# ध्यान कैसे करें

ध्यान क्या है? ध्यान कैसे करें, ध्यान करने की सबसे अच्छी विधि क्या है? ध्यान कितने समय तक करना चाहिए? क्या आंखें बंद कर करके ईश्वर का स्मरण करना ही ध्यान है? क्या किसी आसन विशेष में बैठकर किसी वस्तु, व्यक्ति या बिंदु पर मन को एकाग्र करना ध्यान है? आदि अनेक प्रश्न साधकों व जिज्ञासुओं के मन में उठते हैं। ध्यान ईश्वर की अनुभूति का, परमानंद की प्राप्ति का एक श्रेष्ठ साधन है। ध्यान की कई विधियां हैं और उन सबका उद्देश्य एक ही है- ईश्वर की अनुभूति व परमानंद की प्राप्ति। इसे ऐसे महसूस करें कि जैसे पूर्णिमा का चांद अपने संपूर्ण स्वरूप में चमक रहा है। वह समुद्र की सतह पर प्रतिबिंबित हो रहा है, पर समुद्र में उठ रही ऊंची-ऊंची लहरों पर चंद्रमा का प्रतिबिंब टिक नहीं पा रहा, स्थिर, नहीं हो पा रहा। फलस्वरूप हम उसके संपूर्ण स्वरूप का, सौंदर्य का दर्शन, दिग्दर्शन नहीं कर पा रहे। पर अचान जैसे ही समुद्र में उठने वाली ऊंची-ऊंची लहरें कुछ पल के लिए शांत होती हैं, वैसे ही चंद्रमा अपने पूर्ण, संपूर्ण सौंदर्य, स्वरूप में दिखने लगा और उसके इस अप्रतिम, अनुपम सौंदर्य को देखकर कोई भी हो, आनंदित, आह्लादित, प्रफुल्लित हुए बिना नहीं रह सकेगा।

इसी तरह से यह भी सत्य है कि हमारी आत्मा में भी परमपिता परमात्मा, का वास है, पर प्रश्न उठता है कि अपनी आत्मा में ही विराज रहे परमात्मा की हमें अनुभूति क्यों नहीं हो पाती? ऐसा इसलिए क्योंकि हमारे मन में, हमारे चित्त में भी ऊंची-ऊंची लहरें उठती हैं। हमारे मन में अच्छाओं की ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं उन लहरों के कारण ही हमें अपने ही भीतर विराजमान परमात्मा के होने की अनुभूति नहीं हो रही। अतः विभिन्न पूजा पद्धतियों व ध्यान की विधियों का एक ही उद्देश्य है- मन में उठ रही उन सभी लहरों को शांत कर लेना, समाप्त कर लेना।

ध्यान मन की लहरों को शांत करता है, चित्त को स्थिर रखता है, संस्कारों से मुक्त रखता है। मन की इच्छाओं को शांत करता है,हमें हमारी आत्मा में प्रकाश स्वरूप परमात्मा के दर्शन होने लगते हैं। हमारे अंदर आनंद का अजस्र स्रोत फूट पड़ता है। हमारा अंतस ईश्वरीय आलोक से आलोकित होने लगता है। यह ऐसा आनंद है जो अवर्णनीय है, अलौकिक है, अद्वितीय है, अनुपम है। यह परम आनंद हमारी आत्मा से प्रस्फुटित होता है, क्योंकि हम स्वयं भी सत चित्त आनंद स्वरूप परमात्मा से बने हैं। हम स्वयं भी उन्हीं परमात्मा के अंश हैं जो आनंदस्वरूप हैं। यह हमारी अपनी ही चेतना है, जो ईश्वरीय चेतना से जुड़कर स्वयं भी सत चित्त आनंदस्वरूप परमात्मास्वरूप हो जाती है।

अब प्रश्न यह उठता है कि ध्यान की शुरुआत कहां से और कैसे करें? इसकी शुरुआत हम निस्संदेह एकाग्रता से कर सकते हैं। हम जो भी कार्य करें, उसे एकाग्रचित्त होकर करें। यदि हम भोजन पर बैठे हैं तो उसे पूरी एकाग्र होकर करें यदि हम खेल रहे हैं तो हमारी पूरी एकग्रता खेल में ही होनी चाहिए। यदि हम पढ़ रहे हैं तो हमारी पूरी एकाग्रता पढ़ने में ही होनी चाहिए। इससे हमारा मन अधिक एकाग्र और संवेदनशील होता जाएगा और ध्यान के अनुकूल होता जाएगा। हम भोजन की टेबल पर बैठे भोजन कर रहे होते हैं और राजनीति तथा अन्य विषय की चर्चाएं भी चल रही होती हैं। हम स्नान कर रहे होते हैं और अन्य विषयों पर विचार भी कर रहे होते हैं। यह ठीक नहीं है क्योंकि इससे मन की एकाग्रता क्षीण पड़ती है। जिस काम को करें उसमें पूर्णतः एकाग्र हो जाएं। यदि हम गुनगुनी धूप में बैठे हैं तो सूर्य की किरणों को यों महसूस करें मानो इन किरणों के माध्यम से सूरज ने अपने हाथ हम तक फैला दिए हैं, मानो सूरज हमें स्पर्श कर रहा हो। हमारे चेहरे पर पड़ती सूरज की गुनगुनाती धूप हमारे हृदय को आंदोलित करने लगे। हम चलते हुए हवा के स्पर्श को महसूस करें मानो हवा के झोंकों ने हमारे संपूर्ण अस्तित्व को छू लिया हो।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# जवाबदेह महिला ही क्यों बने?

समाज में औरतों को हमेशा से ही बंधनों में बांधकर रखा गया है, जिससे कि अगर उसके साथ किसी भी प्रकार की कोई हिंसा होती है तो वह अपने लिए न्याय के लिए लड़ने से भी डरती है क्योंकि अगर वह कुछ कहती है तो समाज ही उसे गलत ठहरा कर चुप करा देता है। ऐसे में यदि किसी लड़की के साथ किसी प्रकार की हिंसा होती है तो वह इसके खिलाफ आवाज़ भी नहीं उठा पाती है। यहां तक कि वह इसे किसी के सामने रखने से भी डरती है। बात चाहे शहर की हो या गांव की, सभी जगह महिलाएं स्वयं को शत प्रतिशत सुरक्षित नहीं मानती हैं। शहरों में जहां महिला हिंसा का अलग रूप देखने को मिलता है तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक मान्यताओं के नाम पर महिलाओं के साथ सबसे अधिक हिंसा होती है। कभी उसे शारीरिक तो कभी मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। लेकिन किशोरियों के साथ होने वाली हिंसा सबसे अधिक चिंता का विषय बनती जा रही है। जिन्हें स्कूल या कॉलेज आते जाते समय कभी लड़कों तो कभी अन्य पुरुषों द्वारा फब्तियां और गंदे कमेंट्स का सामना करना पड़ता है।

अफ़सोस की बात यह है कि इस प्रकार का कृत्य जहां किशोरियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है वहीं दूसरी ओर यह समाज के नैतिक पतन की ओर इशारा भी करता है। शहरों में लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के कई अवसर मिल जाते हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरियों के लिए यह आज भी अपेक्षाकृत काफी मुश्किल होता है। ऐसा ही एक ग्रामीण क्षेत्र है पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के बागेश्वर जिला अंतर्गत रौलियाना गांव। जहां लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए कई प्रकार की बाधाओं से गुज़रना पड़ता है। इनमें सबसे बड़ी बाधा लड़कों और पुरुषों द्वारा फब्तियां और गंदे कमेंट्स कर उन्हें मानसिक रूप से परेशान करना है। यह एक ऐसी हिंसा है जो किशोरियों को मानसिक रूप से तोड़ देती है। इस संबंध में नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर गांव की एक किशोरी बताती है कि 10वीं पास करने के बाद आगे की शिक्षा के लिए किशोरियां राजकीय इंटर कॉलेज, मेगडी स्टेट में अपना नामांकन कराती हैं, जो रौलियाना से करीब 7 किमी दूर है. यह इस गांव से सबसे करीब इंटर कॉलेज है। इतना ही नहीं यह इंटर कॉलेज अन्य गांव जैसे जोड़ा स्टेट और पिंगलो से भी सबसे नज़दीक है, जिसके कारण इन सभी गांवों की लड़कियां यहीं पढ़ने आती हैं। यहां पढ़ने वाली 90 प्रतिशत लड़कियां आर्थिक रूप से बेहद पिछड़े परिवार से होती हैं. जिसकी वजह से वह प्रतिदिन 7 किमी पैदल चलकर आती हैं। यह शिक्षा के प्रति इनके लगन और मेहनत को दर्शाता है लेकिन लड़कियों के प्रति मानसिक रूप से पिछड़े समाज की सोच और कमेंट्स उनके मनोबल को तोड़ देती हैं। एक अन्य किशोरी बताती है कि अपने खिलाफ होने वाली इस हिंसा को हम लड़कियां व्यक्त भी नहीं कर पाती हैं। न तो हम इस संबंध में अपनी शिक्षिका से कह पाती हैं और न ही हम घर में इसकी शिकायत कर पाती हैं क्योंकि हमें ऐसा लगता है कि इससे हमारे ही परिवार की बदनामी होगी और सकता है कि हमारी पढाई रुकवा दी जाए क्योंकि हमने देखा है कि यदि कुछ लड़कियां हिम्मत करके इसके खिलाफ आवाज़ उठाती भी हैं स्वयं परिवार भी उनका साथ देने की जगह इसका दोष उन्हीं लड़कियों पर डाल दिया जाता है। कई परिवारों ने इस प्रकार की घटना के बाद लड़की का इंटर कॉलेज जाना ही बंद करवा दिया। वह सवाल करती है कि आखिर इसमें उस लड़की का क्या दोष होता है? क्यों परिवार उसका साथ देने की जगह उसे ही शिक्षा से वंचित कर देता है?

**पूजा गोस्वामी, रौलियाना, उत्तराखंड**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### ग्रामवासियों को मिठाई खिलाकर दी दीपावली की शुभकामनाएं



**सिरोंज, देशबन्धु।** दीपावली के मौके पर पंडित प्रशांत पालीवाल जनपद सदस्य प्रतिनिधि ने जनपद क्षेत्र के ग्रसम मुगलसराय में ग्रामवासियों के घर-घर पहुंचकर मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी और बुजुर्गो का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### जमीन के विवाद में युवक को पीटकर घायल किया

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के बाजना थाना इलाके के रानीताल गांव में जमीन के विवाद में तीन लोगों ने मिलकर एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराकर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मकान के पीछे बगीचा की जगह को लेकर दो पड़ोसी आपस में झगड़ गए। एक परिवार ने दूसरे परिवार के तीन लोगों की लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया है। घायल गौरी बाई पति विशाल लोधी उम्र 35 वर्ष, नरेश पिता विशाल लोधी 18 वर्ष और कुमारी रूसी पिता विशाल उम्र 15 वर्ष का घायल हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### बेटी को मायके लेने आये पिता को दामाद ने पीटा

**छतरपुर, देशबन्धु।** बड़ामलहरा पुलिस थाना इलाके के चैनपुरा गांव में परमलाल यादव मऊखेरा अपनी बेटी को लेने के लिए उसकी ससुराल चैनपुरा आया था। जब परमलाल ने बेटी राजकुंवर यादव उम्र 35 वर्ष को मायके ले जाने के लिए कहा तो दामाद राजू यादव लड़ने लगा। जब परमलाल ने उसका विरोध किया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। जिससे परमलाल के पैर में गंभीर चोटें आ गई। बताया गया है कि इतना होने के बाद राजू और उसके पिता ने परमलाल को घर से निकाल दिया। पीड़ित परमलाल यादव ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी राजकुंवर का विवाह 15 वर्ष पहले मऊखेरा से चैनपुरा थाना बड़ामलहरा में हुआ था। दोनों से एक 12 वर्षीय बेटा भी है। मगर मेरा दामद राजू मेरी बेटी राजकुंवर के साथ हमेशा मारपीट करता रहता है। वह दूसरी शादी करने की धमकी भी देता है। बेटी के परेशान हो जाने से मैं बेटी को लेने चैनपुरा आया था इसी बात को लेकर उसकी मारपीट कर दी।

# मतगणना कर्मियों को मतों की गणना करने का दिया प्रशिक्षण

▸ पॉलीटेक्निक कॉलेज में 3 दिसम्बर को होगी मतगणना



**रायसेन,देशबन्धु।** मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत जिले की चारों विधानसभाओं में 17 नवम्बर को हुए मतदान की मतगणना 3 दिसम्बर को रायसेन स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। जिसमें मतगणना कार्मिकों को डाक मतपत्रों की गणना के संबंध में प्रशिक्षण देते हुए मतगणना की प्रक्रिया की बिन्दुवार जानकारी दी गई।

कलेक्टर दुबे ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतगणना कार्मिकों से कहा कि वह पूरी लगन और गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि डाक मतपत्रों की गणना में किसी प्रकार की कठिनाई ना हो। उन्होंने बताया कि मतगणना 03 दिसम्बर को प्रात: 08 बजे से प्रारंभ होगी तथा प्रथम चरण में डाक मतपत्रों की गणना की जाएगी। इसके उपरांत ईवीएम मतों की गणना की जाएगी। मास्टर ट्रेनर द्वारा ईटीपीबीएस मतों की गणना, डाक मतपत्रों की गणना के प्रत्येक चरण के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों सहित संबंधित अधिकारी और मतगणनाकर्मी उपस्थित रहे।

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रायसेन में मतगणना की प्रक्रिया 03 दिसम्बर को प्रात: 08 बजे प्रारंभ होगी। प्रत्येक विधानसभा हेतु दो मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र सांची, उदयपुरा, भोजपुर हेतु प्रथम कक्ष में ईवीएम से मतगणना हेतु कुल 07 टेबल एवं पोस्टल बैलेट की गणना हेतु कुल 03 टेबल लगाई गई है और कक्ष क्रमांक-02 में ईवीएम से गणना हेतु कुल 11 टेबल लगाई गई है। सिलवानी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रथम मतगणना कक्ष में ईवीएम से गणना हेतु कुल 07 टेबल एवं पोस्टल बैलेट की गणना हेतु कुल 03 टेबल लगाई गई हैं। सिलवानी विधानसभा के कक्ष क्रमांक-02 में ईवीएम से गणना हेतु कुल 07 टेबल लगाई गई हैं। मतगणना परिसर एवं कक्ष में मोबाईल ले जाना पूर्णत: प्रतिबंधित है।

बेतवा घाट पर 1 माह से चल रहा था भगवान शिव का अभिषेक

# छप्पन भोग लगाकर किया कार्तिक स्नान का समापन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** कार्तिक स्नान करने वाले श्रद्धालुओं ने बेतवा रिपटा घाट पर सोमवार को भगवान शिव का अभिषेक किया इसके बाद बेतवा की आरती उतार कर छप्पन भोग लगया। मावठे की बर्षा के बीच हुए इस आयोजन में जहां श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा था वही एक माह से आयोजित हो रहे। शिव अभिषेक और कार्तिक स्नान करण वेद मंत्रों के साथ पूर्ण हुआ। इसके बाद ईदगाह रोड स्थित आश्रम में कन्या भोज का आयोजन भी किया गया। मालूम हो कि बेतवा रिपटा घाट पर पंडित भागीरथ शास्त्री के सानिध्य में एक माह तक लगातार भगवान शिव के अभिषेक के साथ कार्तिक स्नान का आयोजन चल रहा था। सोमवार प्रात: 5:30 बजे आयोजन में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं ने बेतवा में स्नान किया इसके पश्चात घाट पर भगवान शिव का दरबार सजाया फिर अभिषेक प्रारंभ हुआ। वेद मत्रों के साथ अभिषेक संपन्न होने के बाद बेतवा का पूजा पूजन अभिषेक किया गया। इसके बाद छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसके बाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने दीपदान किया। आरती के पश्चात सूर्य को अर्घ्य देने के बाद प्रसादी का वितरण हुआ इसके साथ संपूर्ण आयोजन का समापन कर दिया गया। अब अगले वर्ष फिर कार्तिक माह में शिव अभिषेक का आयोजन किया जाएगा। शरद पूर्णिमा के बाद से कार्तिक माह का स्नान शुरू हो गया था। समिति के संस्थापक के अध्यक्ष पंडित अरविंद अवस्थी ने बताया कि स्कंद पुराण में कार्तिक माह की महिमा का वर्णन है। कार्तिक के समान दूसरा कोई मास नहीं है। कार्तिक मास में इंद्रियों पर संयम रखकर चांद-तारों की मौजूदगी में सूर्योदय से पूर्व ही नित्य स्नान का महत्व है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर किया बाबा विश्वनाथ का अभिषेक



**सिरोंज, देशबन्धु।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के तीर्थ क्षेत्र देवपुर में मेले का आयोजन हुआ। इस मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र कुंड में डुबकी लगाकर बाबा विश्वनाथ की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने भी हमेशा की तरह पूर्णिमा के अवसर पर बाबा विश्वनाथ के दरबार में पहुंचकर अभिषेक और पूजा अर्चना की। इसके उपरांत उन्होंने देवपुर में समस्त समाजों के मंदिरों में भी पहुंचकर स्थापित देवी देवताओं की पूजा अर्चना की। इस मौके पर देवपुर धाम में परंपरा अनुसार दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मेले का भी आयोजन किया गया। इस मेले में सजी विभिन्न प्रकार की दुकानों पर खरीददारी कर रहे ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों के बीच पहुंचकर विधायक शर्मा ने उनकी कुशल क्षेम जानी। विधायक शर्मा ने कार्तिक मास में पवित्र कुंड में कार्यकर्ताओं सहित दीपदान भी किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष झार सिंह दांगी, संतोष चौरे, भैरो सिंह कुर्मी,कलेक्टर सिंह यादव, नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, सचिन शर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गुरुनानक जयंती पर प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया

**सिरोंज, देशबन्धु।** गुरुनानक जयंती पर नगर में प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने भी रावजी पथ स्थित गुरुद्वारे में पहुंचकर गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष अपनी अरदास लगाई तथा प्रकाश पर्व की क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने यहां हो रहे संकीर्तन में भी सहभागिता की तथा साथियों सहित सामूहिक लंगर में प्रसादी भी ग्रहण की। इस अवसर पर ओमप्रकाश वलेजा, मनसुखदास लोकवाणी, बबलू लोकवाणी मनीष वलेजा,भैरोसिंह कुर्मी,सोनू खूयाणी,रमेश यादव, संतोष चोरे, मनमोहन साहू,मनोज साईनाथख सचिन शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# पंजाबी समाज ने नगर कीर्तन निकालकर मनाई गुरुनानक जयंती

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** गुरुनानक जयंती पर पंजाबी समाज ने नगर कीर्तन निकाला जो कि हनुमान चौक से निकलकर जयस्तंभ, अबेडकर चौक, नेहरू चौक होते हुए वापिस हनुमान चौक स्थित गुरूद्वारा पर समापन हुआ। इसमें पंजाब से आया हुआ अखाड़ा नगर में विशेष आकर्षण का केन्द्र बना।

जत्थे ने सभी चौराहे पर अलग- अलग करतब दिखाये। नगर में पंजाबी समाज द्वारा ऐसा विशेष आयोजन पहली बार कराया गया। इसके बाद माहिलाएं एवं पुरुष झाडू लगाकर पूरी सड़क को साफ कर रहे थे और इसके पीछे टैंकर की व्यवस्था की गई थी जिससे सड़क पर पानी डाला जा रहा था। इसके बाद बग्गी पर शहीदों की तस्वीरें थीं। इसके पीछे बच्चों का ग्रुप निशान साहेब लेकर चल रहा था। इसके पीछे पंच प्यारे चल रहे थे जिनपर नगर के कई गणमान्य नागरिक व संस्थानों ने पुष्प वर्षा कर अगवानी की। इसके बाद गुरु साहब को पालकी में सजाकर बाणी पढ़ते हुये विशेष साज-सज्जा के साथ निकाला गया। इसके पीछे ही, पुरूष महिलाएं कीर्तन करते हुये निकल रहे थे। इसमें शहर के समी गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए।



# राम-जानकी मंदिर में अयोध्या से आए अक्षत कलशों का किया पूजन


▸ 1 से 15 जनवरी तक अभियान चलाकर लोगों को किया जाएगा आमंत्रित



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पश्चात भगवान के दर्शन हेतु आमंत्रण देने के लिए अयोध्या से आये अक्षत कलशों का पूजन कार्यक्रम सोमवार को दोपहर में राम-जानकी मंदिर गांधी चौक में गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी, खेड़ापति हनुमान मंदिर के महंत वृंदावन दास रविदासीय संत लालपठार गुरूद्वारा की विशेष उपस्थिति में एवं पंडित मुन्ना लाल शास्त्री, पंडित लक्ष्मी नारायण शास्त्री एवं सुनील महाराज के आचार्यत्व में तथा संघ विभाग संघचालक सुरेश देव, धर्म जागरण विभाग संयोजक विक्रम रघुवंशी, विहिप विभाग सह मंत्री चंद्रभान सिंह बघेल, समाजसेवी कांति भाई शाह, विहिप जिलाध्यक्ष संदीप नेमा की विशेष उपस्थिति में विधि विधान से संपन्न हुआ। सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों द्वारा अक्षत कलशों का पूजन किया गया तत्पश्चात इन अक्षत कलशों को जिले के अंतर्गत आने वाले सभी 10 प्रखंडों के चयनित प्रतिनिधियों को सौंपा गया। ये प्रतिनिधि अपने अपने प्रखंडों में ग्राम स्तर तक अक्षत वितरण की योजना बनाएंगे।1 से 15 जनवरी तक अभियान चलाकर लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। अक्षत पूजन के उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विहिप विभाग सह मंत्री चंद्रभान सिंह ने कहा कि इन अक्षतों को हमें हर हिंदू घर तक पहुंचाना है उन्हें प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत अनुकूलता होने पर दर्शन हेतु जाने का आह्वान करना है तथा जिला अभियान संयोजक अभिषेक शर्मा गुरूजी ने बताया 22 जनवरी को गांव के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाईव प्रसारण होगा। कार्यक्रम के उपरांत ओसवाल धर्मशाला गांधी चौक में जिला बैठक हुयी जिसमें प्रखंडों के अपेक्षित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बनायी गयी ।

# नौलखी आश्रम में होगा 10 दिवसीय महोत्सव

▸ रामलला संग विराजेंगे भगवान जगदीश स्वामी, बैठक में आयोजन को लेकर की चर्चा



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** बेतवा घाट स्थित साकेतवासी सिद्ध संत बाबा जगन्नाथ महाराज की तपोभूमि नौलखी आश्रम पर करीब 90 साल बाद फिर विराट धार्मिक महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। नौलखी आश्रम पर बन रहे नवनिर्मित मंदिर में रामलला सहित भगवान जगदीश स्वामी के नवीन विग्रह विराजमान होंगे। अगले वर्ष 10 से 20 अप्रैल 2024 तक चलने वाले इस विराट महोत्सव की तैयारी को लेकर गत दिवस आश्रम पर नगर के श्रद्धालुओं और गणमान्य नागरिकों के साथ एक बैठक में आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में धार्मिक आयोजन के दौरान होने वाली भगवान की प्राण प्रतिष्ठा, राम कथा, श्रीराम अति यज्ञ रामलीला, रामकथा,भंडारा सेवा,संत सम्मेलन सहित अन्य व्यवस्थाओं में विभिन्न यजमानों ने सेवा संकल्प स्वीकारते हुए अपनी सहमति प्रदान की। नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने बताया कि करीब 90 साल बाद नौलखी आश्रम के नवीन निर्माण और देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा सहित अन्य धार्मिक आयोजन को लेकर बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से विचार विमर्श हुआ है। भगवान जगदीश स्वामी के नए विग्रह को नगर के श्रद्धालु करीब 1200 किलोमीटर की पैदल यात्रा तय करके जगदीशपुरी उड़ीसा से गंजबासौदा लेकर आएंगे। बैठक के दौरान आचार्य पंडित केशव शास्त्री ने बताया कि 29 फरवरी 2024 को यज्ञ की ध्वजा स्थापित की जाएगी। उड़ीसा और काशी के विद्वान यज्ञाचार्य द्वारा आश्रम में स्थापित होने वाले नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। 25 कुंडीय अति श्री राम यज्ञ के प्रधान यजमान के रूप में उद्योगपति और समाजसेवी राकेश मडखेड़कर ने सम्मिलित होने की स्वीकृति दे दी है। रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा ठेकेदार नरेश गुप्ता एवं भगवान जगदीश स्वामी के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा किराना व्यवसायी मनीष पाठक एवं हनुमान जी प्राण प्रतिष्ठा अरविंद दुबे किराना व्यवसायी द्वारा कराई जाएगी।

**भंडारे की सेवा का लिया संकल्प:** बैठक में प्राण प्रतिष्ठा के अलावा अन्य व्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई जिसमें धार्मिक आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निरंतर भंडार भोजन प्रसादी की सभी व्यवस्थाओं के लिए बजरंग संयोजक नीलेश अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ सेवा देने का संकल्प लिया। मारवाड़ी होटल के संचालक महेश अग्रवाल ने ठंडा आरो वॉटर देने में अपनी सहमति दी। रामलीला के लिए राजेंद्र संतोष शर्मा, नागेंद्र उपाध्याय एवं साधना उपाध्याय द्वारा भगवान जगदीश स्वामी के शिखर की ध्वजा की प्रतिष्ठा का संकल्प लिया गया। पूर्व कानून मंत्री वीर सिंह रघुवंशी,वरिष्ठ समाजसेवी कांति भाई शाह, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, देवेंद्र वर्मा, रामशरण शर्मा विनायकखेड़ी, विजय सिंह भिदवासन,महेंद्र सिंह रघुवंशी शिक्षक, टीकाराम झा, गोलु रघुवंशी तिलकखेजड़ा, लालजी राम रघुवंशी,नवल सिंह रघुवंशी,डॉ कमलेश रघुवंशी,प्रताप सिंह दांगी पहरी,महेंद्र सिंह राजपूत जाठौदा,प्रहलाद सिंह राजपूत जोहद,प्राण सिंह रघुवंशी भिदवासन,कमल सिंह रघुवंशी करौंदा खुर्द एवं किन्नर मुन्ना नायक मामा ने भी यज्ञ में यजमान के रूप में सहयोग देने की घोषणा की। बैठक में बड़ी संख्या में नागरिक और श्रद्धालु मौजूद थे।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### सड़क दुर्घटना में काली माई व्यापारी संघ अध्यक्ष घायल

**सारनी, देशबन्धु।** काली माई व्यापारी संघ के अध्यक्ष तवा टू खदान जाते समय सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इनका प्राथमिक उपचार शोभापुर के ही निजी क्लीनिक में किया गया। बताया जाता है कि सोमवार को किसी कार्य के लिए काली में व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश हारोड़े अपने दो पहिया वाहन से तावा टू खदान जा रहे थे कि पिछला चक्का स्लिप हो जाने के कारण वह घायल हो गए गिर गए। जिसकी वजह से उनके चेहरे सहित कई जगह गंभीर चोट आई है। काली माई व्यापारी संघ के प्रकाश शिवहरे को जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। इस मामले की शिकायत स्थानीय चौकी में दर्ज नहीं करवाई गई है।

### कुटखेड़ी में रक्तदान शिविर के दौरान सिलेंडर में लगी आग, मचा हड़कंप



**मुलताई, देशबन्धु।** विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कुटखेडी मैं सोमवार ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया था। जहां पर मंदिर के पास कैंप चल रहा था। इसी दौरान कैंप में आए हुए लोगों के लिए कॉफी बनाते समय अचानक से गैस सिलेंडर का पाइप लीकेज हो गया और सिलेंडर में आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि इसे देखकर वहां मौजूद लोग घबरा गए और हड़कंप मच गया। तभी वहां उपस्थित ग्रामीणों और डॉ हिमांशु धोटे द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन सिलेंडर गिर गया जिससे रेगुलेटर निकल गया, बाद में सिलेंडर की गैस खत्म होने पर आग बुझ गई। गनीमत रही की इस दौरान कोई भी आग की चपेट में नहीं आया और डॉ हिमांशु धोटे की सतर्कता से बड़ा हादसा होने से बच गया। यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो पास ही लगा टेंट भी इस आग की चपेट में आ जाता। प्राप्त जानकारी अनुसार इस घटना के कारण देर शाम तक कुल 10 यूनिट ब्लड डोनेट हो पाया था।

### सड़क हादसों में 2 लोग घायल

**मुलताई, देशबन्धु।** क्षेत्र में दो स्थानों पर रविवार शाम दो सड़क हादसे हुए जिसमे एक महिला और एक पुरुष के घायल होने की जानकारी प्राप्त हुई है। पहला हादसा निंबोटी के पास हुआ जहा निंबोटी निवासी धनराज पुत्र लक्ष्मण वापस अपने गांव आते समय मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होने से गिरकर घायल हो गया। जबकि दूसरी घटना पट्टन के पास हुई जहा रंभा खेड़ी निवासी महिला बाइक पर से गिर कर घायल हो गई। दोनो ही हादसे में घायलों को परिजन स्वयं अपने वाहन से मुलताई नगर के सरकारी अस्पताल लाए जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

# कार्तिक पूर्णिमाः ताप्ती तट पर उमड़े श्रद्धालु, किया स्नान-दान

### बारिश और ठंड बाद भी बढ़ती गई भीड़

**मुलताई, देशबन्धु।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ताप्ती तट पहुंचकर ताप्ती सरोवर में श्रद्धा की डुबकी लगाई और मान्यता अनुसार असीम पुण्य की प्राप्ति की। रात से ही हाथों में श्रद्धा सुमन थाल लिए और मन में मां ताप्ती दर्शन की आस लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का ताप्ती परिक्रमा क्षेत्र मे पहुंचना प्रारंभ हो गया था और सुबह होते ही ताप्ती परिक्रमा क्षेत्र में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। कड़ाके की ठंड और रिमझिम बरसात के बीच हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने ताप्ती स्नान कर मां ताप्ती मंदिर, जगदीश मंदिर, तप्तेश्वर महादेव, राम मंदिर मे विशेष पूजा अर्चना की,दिन चढ़ने के साथ-साथ श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढ़ते गई और पूरे दिन स्नान और पूजन का कार्य चलता रहा।

जगह-जगह आयोजित हुए भंडारे

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर जगह-जगह भंडारे प्रसादी का आयोजन किया गया था। बस स्टैंड मुलताई पर टैक्सी यूनियन, जयस्तभ चौक पर ताप्ती सेवा मंडल एवं रेलवे स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों द्वारा विशाल भंडारे प्रसादी का आयोजन किया गया। साउंड टेंट



एसोसिएशन सहित विभिन्न सामाजिक धार्मिक संगठनों द्वारा जगह-जगह पर भंडारों का आयोजन किया गया, जिसमें लायंस क्लब द्वारा सुबह 5 बजे से गायत्री शक्ति पीठ पर 5000 कप चाय का वितरण किया गया, वहीं अन्य स्थानों पर पोहा, चना, खीर, खिचड़ी एवं संपूर्ण भोजन भी बांटा गया।

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट पर रहा प्रशासनः** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर व्यवस्था बनी रहे इसके लिए इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर भी व्यापक इंतजाम किए गए थे जगह-जगह तैनात नगर पालिका कर्मचारी श्रद्धालुओं को सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। नगर पालिका ने सरोवर पर सुरक्षा की दृष्टि से लोहे की चेन के साथ ही रस्सी भी बाध रखी थी और नगर पालिका कर्मचारी लोगों को रस्सी के अंदर स्नान करने के निर्देश दे रहे थे। ताप्ती तट पर नाविक और तैराक भी ताप्ती तट पर उपस्थित रहकर स्नान करने वालों पर नज़रें बनाए हुए थे। जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था। महिलाओं के स्नान के लिए जगह-जगह कनाथ बांधकर स्नान व्यवस्था की गई थी । नगर के मध्य से गुजरने वाले मुख्य मार्ग को वाहनों के लिए प्रतिबंधित कर मासोद रोड से डायवर्ट कर दिया गया था ।

**देवों को लेकर स्नान करने पहुंचे ग्रामीणः** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पूर्वजों की स्मृति में बनाए गए प्रतिको और परिवार के देवों को पवित्र ताप्ती सरोवर में स्नान करने की मान्यता है माना जाता है कि इससे वह पवित्र हो जाते हैं और स्नान कराने वाले को पुण्य लाभ प्राप्त होता है। ग्राम हेटी खापा से आए पूरनलाल ने बताया कि वह अपने पांच पीढ़ी के बुजुर्गों के प्रतिको और अपने परिवार के देवों को स्नान कराने के लिए ताप्ती सरोवर पर हर साल आते हैं, उनके पहले उनके पिताजी भी हर वर्ष ताप्ती स्नान के लिए आया करते थे, उनके बाद वह इस जिम्मेदारी को निभा रहे हैं। उनके साथ आया बालक भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल की प्रतिमा को स्नान कराने अपने साथ लाया था।

**नगर पालिका और समाजसेवियों द्वारा सफाई का रखा गया विशेष ध्यानः** हजारों की संख्या में नगर में श्रद्धालुओं के आगमन से ताप्ती सरोवर पर पूजन सामग्री का ढेर लग गया और लोगों ने सरोवर में दीपदान के साथ पूजन सामग्री छोड़ दी, जिसका विशेष ध्यान रखते हुए समाजसेवियों और नगर पालिका के कर्मचारियों ने अपनी सफाई व्यवस्था सुबह से ही चूसते दुरुस्त रखी। समाजसेवी शेषु साहू, दीपक साहु, राहुल कोडापे आदि ने बताया कि ताप्ती तट को साफ स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के लिए तट से पूजन सामग्री को एकत्रित कर कचरा पेटी में डालते रहे, वहीं नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा भी लगातार कचरा गाड़ियों द्वारा पूजन सामग्री से भरे डस्बिन और कचरे के ढेर को तत्काल उठा लिया गया। जिससे ताप्ती तट साफ और स्वच्छ नजर आया।

# गुरुनानक देव प्रकाश पर्व पर बरसते पानी में निकला नगर कीर्तन

### जयकारे से गूंजा परिक्रमा मार्ग

**मुलताई, देशबन्धु।** पवित्र नगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारे में गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व हर्ष उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस दौरान बारिश होने के बावजूद संगत का उत्साह कम नहीं हुआ। सुबह करीब 5.30 बजे अमृत बेला में बारिश में भीगते हुए नगर कीर्तन निकला। इस दौरान जो बोले सो निहाल, सतश्री अकाल के जयकारे से पूरा परिक्रमा मार्ग गूंज उठा। प्रभात फेरी में शामिल संगत ने शबद कीर्तन करते हुए ताप्ती सरोवर की परिक्रमा की। वही प्रभात फेरी के दौरान गुरु पूरब की खुशी का इजहार करते हुए जमकर आतिशबाजी की गई। प्रभात फेरी का नगर में जगह जगह स्वागत भी किया गया। ताप्ती सरोवर की परिक्रमा करने के बाद प्रभात फेरी गुरुद्वारा पहुंची। जहां संगत ने शबद कीर्तन किया और सामूहिक अरदास उपरांत निशान साहिब का चोला चढ़ाया गया। महेश खत्री ने बताया की यह चोला वर्ष में केवल एक बार कार्तिक पूर्णिमा पर ही चढ़ाया जाता है। दोपहर 11 बजे से पुनः संगत ने शबद कीर्तन और पाठ किया गया, दोपहर 12:30 से गुरु का लंगर प्रारंभ हुआ जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थिति दर्ज कराकर लंगर प्रसादी



ग्रहण की। गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा के प्रधान सरदार जसबीर सिंह ने बताया कि संगत द्वारा परंपरा अनुसार गुरुनानक जयंती के 5 दिन पूर्व से प्रतिदिन अमृत बेला में प्रभात फेरी निकाली जाती है। गुरुवार से प्रभात फेरी का शुभारंभ किया गया था। संगत द्वारा सहज पाठ भी किया गया। गुरुपूरब के अवसर पर गुरुद्वारे में पालकी साहिब को फूलो से सुसज्जित कर आकर्षक रोशनी की गई थी।

सिक्ख समुदाय के जितेंद्र खन्ना द्वारा बताया गया की सुबह निकलने वाले नगर कीर्तन में सामने पंच प्यारे चलते है जिनमें से एक के पास निशान साहिब होता है, उन्हीं के साथ चार शहजादे भी होते है, इस बार छोटे छोटे बच्चे पंच प्यारे और शहाजदे थे जो सबसे आगे चल रहे थे।

# गुरुद्वारा सिंह सभा में मनाई गुरुनानक जयंती



**सारनी, देशबन्धु।** गुरु नानक जयंती गुरुद्वारा सिंह सभा में भक्ति भाव के साथ मनाई गई। ज्ञानी वीरेंद्र सिंह द्वारा पाठ एवं अरदास करके श्रीगुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की शुरुआत की गई। जिसका समापन 9 बजे किया गया। गुरुद्वारा सिंह सभा के जगदीश आहूजा ने बताया की 25 नवंबर से अखंड पाठ का शुभारंभ किया गया था जिसका समापन सोमवार को किया गया है।

उन्होंने बताया कि सोमवार को 9 130 बजे निशान साहिब सेवा का पाठ शुरू किया गया जो 10:30 तक चलता रहा। उसके उपरांत कीर्तन पाठ का आयोजन किया गया जो 1:30 बजे तक आयोजित हुआ कीर्तन पाठ के समाप्ति के बाद लंगर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ.दिलेर सिंह,सुरेंद्र पाल सिंह, परमजीत सिंह बिट्टू,श्याम मदान,संजय दुआ, बंटी सिंह, चरणजीत सिंह सलूजा,राहुल सतीजा, तिरुपति एरोलू,अरुल संजीव अरोड़ा,राजू आसवनी, जनरल सिंह, सत्यजीत सिंह,योगेंद्र सोनारे, हरभजन सिंह, सोनू काश्मीर आदि का सहयोग रहा।

# सीजन का पहला मावठा गिरा, किसानों के चेहरे पर मुस्कुराहट

### फिर बदला मौसम, तापमान में आई गिरावट

**सारनी, देशबन्धु। मौसम ने फिर कवट बदली है।** सीजन का पहला मावठा सोमवार सुबह ही बरता रहा। मावठे की वजह से किसानों के चेहरे पर मुस्कुराहट देखी जा सकती है। मौसम विभाग की माने तो बारिश 30 नवंबर तक होने की संभावना बनी हुई है जिसमें बैतूल जिले के लगभग सभी दसों ब्लॉक शामिल है। तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की भी संभावना व्यक्त की गई है। सोमवार सुबह हुई रुक-रुक के बारिश की वजह से मौसम ठंड में दस्तक दे दी है। हालांकि रात का पारा पहले से ही काम था लेकिन सोमवार को सुबह हुई बारिश की वजह



से दिन भर आसमान में बादल छाए रहे और लोग गर्म कपड़े पहनकर ही इधर-उधर घूमते दिखाई दिए है। बारिश से किसानों को सिंचाई के साधनों की उपलब्धता कम होगी और यह बारिश किसानों की फसल के लिए अमृत बनकर बरस रही है। रबी की फसल जो किसानों द्वारा बोई गई है बारिश गिर जाने से इन फसलों को लाभ होगा। ग्रामीण क्षेत्र के किसानों की माने तो गेहूं के पूरे फसल चक्र के दौरान 4 से 6 बार फसल को बेहतर सिंचाई की जाती है यदि मिट्टी भारी हो तो चार बार पानी दिया जाता है और यदि मिट्टी हल्की हो तो उसमें 6 बार पानी दिया जाता है ऐसे में गेहूं की फसल बेहतर और ज्यादा होने की संभावना बनी रहती है। अभी बुवाई का सीजन चल रहा है और खेतों में पानी भी दिया जा रह है। ऐसी स्थिति में बिजली अघोषित कटौती की वजह से भी किसान खाशे परेशान है ऐसे में बारिश का गिरना किसानों के लिए अमृत साबित होगा।

# सीएम राइज स्कूल में मनाया एनसीसी दिवस

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के सीएम राइज स्कूल में सोमवार 75 वें एनसीसी दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबसे पहले शाला में स्थित शहीद मनोज चौरे की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। जिसके बाद एनसीसी कैडेट द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर स्कूल में साफ सफाई की गई, वहीं स्कूल में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्कूल के प्रभारी प्राचार्य संदीप गणेशे द्वारा एनसीसी कैडेट को एकता एवं अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं एनसीसी प्रभारी




जयप्रकाश परिहार ने एनसीसी के इतिहास के बारे में छात्रों को बताया। जिसके बाद सभी कैडेट्स ने देश सेवा का संकल्प दौहराया और कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त एनसीसी के कैडेट्स एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

# स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया संविधान दिवस, विद्यार्थियों को दिलाई शपथ




**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर वर्षा खुराना द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए संविधान दिवस पर उनके द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सविता बघेल द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाकर समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग की प्रोफेसर श्रीमती तारा बारस्कर द्वारा भी अपने विचार रखे गए। कार्यक्रम में आगे डॉक्टर ममता राजपूत, डॉक्टर वर्षा ठाकरे, डॉक्टर कल्पना बिसंदरे, प्रोफेसर प्रियंका मोहबे, गीता साहू, डॉक्टर टी एम नागवंशी, प्रोफेसर दिलीप धाकडे, प्रकाश कुमार गीते आदि प्राध्यापको ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर अभिनीत सरसोदे द्वारा किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भागीदारी एवं उपस्थिति रही।

*पुष्प वर्षा के साथ जगह-जगह हुआ स्वागत, बारिश के बाद भी लोगों का उत्साह नहीं हुआ कम*

# कार्तिक पूर्णिमा पर निकाली चुनरी पदयात्रा

**बैतूल, देशबन्धु।** क्षेत्र और किसानों की खुशहाली का संकल्प लेकर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बैतूल विधायक निलय डागा ने सोमवार को भव्य ताप्ती चुनरी पदयात्रा निकाली। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। चुनरी यात्रा का शुभारंभ लल्ली चौक स्थित प्राचीन शिवमंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के साथ हुआ। विधायक डागा सिर पर चुनरी लेकर शिवमंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना के बाद सुबह 7 बजे पदयात्रा आरंभ हुई। डागा द्वारा निकाली जा रही चुनरी पदयात्रा का 7 वां वर्ष था, जिसका श्रद्धालुओं के द्वारा यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत कर पुष्प वर्षा की गई। हालाकि सोमवार सुबह से ही रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गया था, जिसके बाद भी चुनरी यात्रा में लोगों का भारी उत्साह दिखाई दिया। थोडी देर के लिए बीच में बारिश थमी रही, लेकिन खेड़ी



से यात्रा के गुजरते ही बारिश तेज हो गई, इसके बाद भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखाई दी, जैसे ही शिव मंदिर से यात्रा शुरू हुई जगह-जगह श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। ताप्ती चुनरी पदयात्रा में जहां भारी जनसैलाब उमड़ा था तो, वहीं इस पदयात्रा में भजन मंडली आकर्षण का केंद्र रही। ट्रक पर सवार देवी जागरण के कलाकार गोविंद निंबालकर की टीम पूरे रास्ते भर एक से बढ़कर भजनों की प्रस्तुति दे रही थी, इस दौरान भजन मंडली ने एक से बढ़कर प्रस्तुति देकर पदयात्रा का माहौल पूरी तरह धार्मिक बना दिया। पूरे ग्यारह साल के संकल्प के साथ यह सातंवा वर्ष था, जहां बैतूल विधायक निलय विनोद डागा एवं उनकी धर्म पत्नी दीपाली डागा ने मां ताप्ती की गोद में चुनरी अर्पित की है।

निलय डागा ने 2017 में पहली ताप्ती चुनरी पदयात्रा की शुरूआत की थी। पहले साल चुनरी की लंबाई 111 मीटर थी। इसी साल उन्होंने संकल्प लिया था कि चुनरी पदयात्रा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हर साल की जाएगी। सोमवार सातवें साल पर हुई ताप्ती चुनरी पदयात्रा में 111 मीटर लंबी चुनरी हाथों में लेकर पदयात्रा के माध्यम से खेड़ी स्थित ताप्ती घाट के लिए रवाना हुई। विधायक डागा ने अपनी पत्नी दीपाली डागा के साथ कंधे पर ध्वज रखकर पदयात्रा के आगे-आगे चल रहे थे। प्राचीन शिव मंदिर से शुरू हुई चुनरी यात्रा के सबसे आगे आदिवासी समाज के लोक कलाकारों के द्वारा पारंपरिक आदिवासी नृत्य ढोल की थाप पर करते हुए पदयात्रा में चल रहे थे।

## सार समाचार

### बारिश से मौसम में आया बदलाव, 7 डिसे गिरा अधिकतम तापमान

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में सोमवार सुबह चार बजे से रुक-रुककर बारिश हो रही है। 8 घंटे में आधा इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। मावठा गिरने से वातावरण में ठंडक बढ़ गई है। पचमढ़ी में सीजन की सबसे ठंडी रात रविवार-सोमवार की रही। यहां न्यूनतम पारा 9.8 डिग्री दर्ज हुआ। 24 घंटे पहले 10.4 डिग्री दर्ज हुआ था। रविवार को दिनभर बादल छाए रहे। सोमवार तड़के 4 बजे से बारिश होना शुरू हुई। सुबह 7 बजे तक रुक-रुककर बूंदाबांदी होती रही। 10 बजे से फिर से बारिश शुरू हुई। करीब डेढ़ घंटे तक मावठा गिरा। रबी सीजन की शुरूआत में यह पहला मावठा है। विशेषज्ञों ने अगले 3 दिन ओर बारिश की संभावना जताई है। फसलों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। बारिश से लोगों को ठंडी का एहसास होने लगा है। बारिश के बाद कड़ाके की सर्दी पड़ सकती है। बारिश के साथ तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार एक-दो दिन ऐसे ही मौसम रह सकता है। रविवार को जहां अधिकतम तापमान 27.4 डिसे दर्ज किया गया था वह बारिश के कारण 24 घंटे में ही 7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ सोमवार को 20.8 डिसे दर्ज हुआ।

### विधानसभा मतगणना को लेकर जिला कांग्रेस की बैठक में बनी रणनीति



**इटारसी, देशबन्धु।** 3 दिसंबर को होने वाली विधानसभा चुनावों की मतगणना के लिए कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति तैयार की है। होटल एक्सप्रेस इलेवन में हुई बैठक में संपूर्ण नर्मदापुरम के कांग्रेस मतगणना अभिकर्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत पांडे गुड्डन, जिला संगठन मंत्री मधुसूदन यादव, जिला कार्यकारी अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी व फैजान उल हक, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अरुण गालर, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता, संभागीय मीडिया प्रभारी राजकुमार केलू उपाध्याय उपस्थित थे। जिला कांग्रेस कमेटी, नर्मदापुरम के प्रवक्ता अमोल उपाध्याय ने बताया बैठक में कांग्रेस लीगल सेल के अधिवक्ता जबलपुर के अमित सिंह ने गणना कार्य को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। बैठक में ब्लॉक, नगर कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लॉक, नगर के कांग्रेस संगठन मंत्री उपस्थित रहे।

### गुरुनानक जयंती : गुरुद्वारे में अरदास और भंडारे का आयोजन



**सोहागपुर, देशबन्धु।** नगर में गुरुनानक जयंती पर गुरुद्वारे में अरदास और गुरुवाणी का पाठ हुआ। श्री सुरजीत ने गुरुवाणी का पाठ किया। दिन भर गुरुद्वारे में भक्तिमय कार्यक्रम चलता रहा। इस संबंध में प्रतिपल खनूजा ने बताया कि अरदास पूजन के बाद नागरिकों को भंडारा कराया गया। जिसमें शहर भर के नागरिक और भक्त पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष गुरुद्वारा में गुरुनानक जयंती पर भंडारे का आयोजन किया जाता है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई मां नर्मदा में आस्था की डुबकी





**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** नर्मदा और तवा नदी के संगम स्थल बांद्राभान पर आयोजित मेले में श्रद्धालुओं ने सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा का मुख्य स्नान किया। बारिश और ठंड के बीच सुबह से हजारों श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। नर्मदा के अन्य घाटों सेठानी घाट, पर्यटन घाट, कोरी घाट और विवेकानंद घाट पर भी कार्तिक स्नान करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। कार्तिक मास की पूर्णिमा सालभर में आने वाली 12 पूर्णिमाओं में विशेष महत्व रखती है। इसके विशिष्ट कारण यह है कि यह पूर्णिमा भगवान महाविष्णु के प्रबोधन के पांचवें दिन आती है। पूर्णिमा के दिन सूर्योदय से पहले संगम पर स्नान करने का विशेष महत्व है। हालांकि, बांद्राभान में इस बार सुबह 4 बजे से बारिश होने के कारण स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या सूर्योदय से पहले कम रही। सुबह 8 बजे तक कोहरा और धुंध छाई रही। सुबह 9 बजे के बाद श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ना शुरू हुई। सुबह 7 बजे बारिश बंद हुई, लेकिन 10.30 बजे से फिर शुरू हो गई। यहां चार दिवसीय मेला उत्सव चल रहा है। बांद्राबांध मेले में तैनात होमगार्ड कमांडेंट अमृता दीक्षित ने बताया कि करीब 50 हजार श्रद्धालु यहां पर स्नान करने के लिए पहुंच चुके हैं। उन्होंने बताया कि मौसम जैसे-जैसे साफ होता जा रहा है वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ रही है होमगार्ड के करीब 70 जवानों को यहां पर तैनात किया गया है। सभी उपकरणों के साथ पर यह यहां पर सुरक्षा व्यवस्था देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि साथ ही पुलिस विभाग की ओर से भी यहां पर लगातार सुरक्षा की व्यवस्था की जा रही है ताकि किसी को परेशानी न हो।

### मेले को लेकर कई मान्यताएं

बांद्राभान मेले को लेकर कई मान्यताएं हैं। मान्यता अनुसार प्राचीन समय में एक राजा को श्राप मिला था कि वह बंदर की तरह दिखाई देगा। श्राप के बाद से ही राजा का रूप वानर जैसा हो गया था। इस श्राप से मुक्ति पाने के लिए राजा नर्मदा और तवा नदी के संगम पर आया और उसने तपस्या की। मान्यता के अनुसार उसकी तपस्या के कारण उसे इस श्राप से मुक्ति मिली थी। तब जाकर उस राजा को मोक्ष की प्राप्ति हुई। तब से ही इस जगह को बांद्राभान कहा जाता है। मान्यतानुसार बांद्राभान का अर्थ है बंदर। इतना ही नहीं यह भी कहा जाता है कि प्राचीन समय में यहां पांडवों ने निवास किया था और उन्होंने यहां तपस्या की थी। ऐसे कई ऋषि-मुनि हुए, जिन्होंने इस संगम स्थल पर तपस्या करते हुए मोक्ष पाया। किंवदंती है कि संगम स्थल पर कई तपस्वियों ने मोक्ष के लिए तपस्या की थी।

### प्रशासनिक उपेक्षाओं के चलते नर्मदा में श्रद्धालु फैला रहे गंदगी

विश्व प्रसिद्ध सेठानी घाट पर पतित पावनी मां नर्मदा इन दिनों गंदगी का शिकार हो रही हैं। मां नर्मदा के पावन सेठानी घाट पर दर्शन के लिए आने वाले अधिकांश श्रद्धालु स्वयं नर्मदा में गंदगी फैला कर जा रहे हैं। तमाम आदेशों के बाद भी लोग पॉलिथीन का प्रयोग कर रहे हैं। प्रशानिक लापरवाही के कारण लोग नर्मदा तक पॉलिथीन लेकर पहुंच रहे हैं और नर्मदा जल में पॉलिथीन फेंक रहे हैं। विधानसभा चुनावों के चलते जिला सहित समूचे प्रदेश में इन दिनों आदर्श आचार संहिता लागू है। इसलिए वर्तमान में पूरा दारोमदार प्रशासन के कंधो पर है। लोगों का कहना है कि फिर भी प्रशासन नर्मदा के लिए सख्त नहीं हो पा रहा है। नर्मदा में दीप दान, अगरवत्ती, मिठाई के डिब्बे, फूल और पॉलिथीन जम कर फेंकी जा रही हैं। हेमंत कुमार बताते हैं कि राजनीतिक और प्रशासनिक उपेक्षा अलग है यहां तो अधिकांश श्रद्धालु भी मां नर्मदा को स्वच्छ करने की उपेक्षा कर रहे हैं। लोगों को यह समझना चाहिए कि नर्मदा हमारे साथ साथ आने वाली सैकड़ों पीढ़ियों की धरोहर भी है। नर्मदा में ही भविष्य का अस्तिस्व छिपा हुआ है। हमें उसकी एक एक बूंद सहेजनी चाहिए, स्वच्छ करनी चाहिए। श्रद्धालु अंकिता का कहना है कि प्रशासन को सख्त कदम उठाने चाहिए। प्रशासन को घाट पर करीब 2 से 3 जवानों को तैनात करना चाहिए जो घाट और नर्मदा में गंदगी होने से रोक सकें और लोगों को समझाइश दे सकें। इस संबंध में नगर पालिका नर्मदापुरम के सीएमओ नवनीत पाण्डे ने बताया कि नगर पालिका की तरफ से पॉलिथीन को रोकने के लिए अभियान चलाए जाते हैं। जप्ती के कार्यक्रम भी चलाए हैं। फिर भी यदि ऐसी समस्याएं सामने आ रही हैं तो हम अभियान और तेज करेंगे।

### मेले में जा रहीं बुजुर्ग महिला की सड़क हादसे में मौत

नर्मदापुरम से तवा-नर्मदा संगम पर बांद्राभान मेले में जा रहीं 70 साल की बुजुर्ग महिला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। दुर्घटना सोमवार सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच की है। बुजुर्ग बांद्राभान मेले में जा रही थी। फोर-व्हीलर वाहन ने टक्कर मार भाग गया। इस कारण टक्कर मारने वाले वाहन का पता नहीं चल पाया। बुजुर्ग की पहचान भी नहीं हो पाई। कार्तिका पूर्णिमा के मौके पर करीब एक लाख से ज्यादा श्रद्धालु बांद्राभान पहुंचे है। नर्मदापुरम से कई श्रद्धालु पैदल व ऑटो, कार, टैक्सी से जा रहे। बुजुर्ग भी बांद्राभान मेले पहुंच जा रही थी। 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर घानाबड़ के पास अज्ञात वाहन बुजुर्ग को टक्कर मारकर भाग निकला। बुजुर्ग ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। देहात थाना टीआई प्रवीण चौहान ने बताया बुजुर्ग की पहचान नहीं हो पाई है। टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान नहीं हो पाई। बुजुर्ग संभवतः बांद्राभान मेले में जा रही थी।

## मतगणना स्थल पर सभी आवश्यक सुनिश्चित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत जिले की चारो विधानसभा में हुए मतदान की मतगणना 3 दिसम्बर को होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने मतगणना की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतगणना प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। मतगणना दलों को भलिभाँति आयोग के नियमानुसार मतगणना संबंधी दायित्वों की विस्तार से जानकारी दे। कलेक्टर ने कहा कि मतगणना स्थल पर पर्याप्त बैरिकेटिंग के साथ ही सुरक्षा से संबंधित सभी तैयारियां समय पूर्व पूरी की जाए। मतगणना स्थल पर मीडिया कक्ष, मंच, लाइट, बैरिकेटिंग, लाउडस्पीकर, फर्नीचर, कुर्सी, टेंट, टेबल, पेयजल सहित सभी आवश्यक सामग्रियों एवं साधनों की उपलब्धता 28 नवंबर तक कर ली जाए। मतगणना की तैयारीयों के संबंध में 29 नवंबर को मॉकड्रील की जाएगी। बैठक में बताया गया कि मतगणना दलों का प्रथम रेंडामाईजेशन 28 नवंबर को किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर फरहीन खान, सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। रिटर्निंग अधिकारी आशीष पांडे, बृजेन्द्र रावत, संतोष कुमार तिवारी, प्रमोद गुर्जर वीसी के जरीए बैठक में उपस्थित रहें।

## मावठा बरसा, ठंडक बढ़ी, अभी किसानों को ज्यादा राहत नहीं



**इटारसी, देशबन्धु।** रविवार को सारा दिन आसमान पर छाए बादल सोमवार को रात करीब ढाई बजे से बरस गये। माठवा पहली बार बरसा और इससे न सिर्फ मौसम में ठंडक घुल गई। मावठा फसलों के लिए अमृत समान होता है, लेकिन फिलहाल किसानों को बहुत ज्यादा फायदा होने की उम्मीद नहीं है, क्योंकि इस क्षेत्र में ज्यादातर बोवनी नहीं हुई है, जो थोड़ी बोवनी हुई है, उनको फायदा है जो जहां चना की बोवनी हो गयी वहां यह मावठा अमृत का काम करेगा। इस दौरान जिले की हर तहसील में वर्षा दर्ज की गई है।

सोमवार की सुबह मौसम में ठंडक लेकर आई। रविवार से बना बारिश का माहौल सोमवार सुबह लगभग ढाई बजे से बूंदें लेकर आया। वे किसान मावठा की बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, जिनकी बोवनी हो गयी है, उनको इस बारिश से किसानों को बड़ी राहत मिली है, लेकिन जिनकी बोवनी नहीं हुई है, उनकी बोवनी अब लेट हो जाएगी। किसानों के मुताबिक यदि लगातार ऐसा मौसम बना रहा तो बोवनी करीब पंद्रह दिन लेट होगी। जिलेभर में बारिश के छींटे पड़े। इस दौरान सबसे अधिक बारिश 10.2 मिमी नर्मदापुरम तहसील में हुई है। जबकि सिवनी मालवा तहसील में सबसे कम 2 मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिकअभी आगामी 2-3 दिनों में ऐसा ही मौसम रहने अच्छी ठंड पड़ने के आसार हैं।

### थोड़ा जल्दी बरस गया मावठा

उन्नत कृषक हेमंत दुबे के मुताबिक नवंबर में मावठा बरसना किसानों की उम्मीद के वितरीत है। यह जल्दी हो गया है। अमूमन किसान धान से ही 10 दिसंबर के आसपास फ्री होता है। अभी कई जगह बोवनी नहीं हुई है, ऐसे में बारिश बोवनी को और लेट करेगी। जहां थोड़ी बहुत बोवनी हो गयी है, वहां थोड़ा फायदा हो सकता है। जहां चने की बोवनी हो गई, यह मावठा अमृत का काम करेगा।

### 29 तक ऐसा ही रह सकता है मौसम

इस बार मावठा थोड़ा जल्दी बरस गया। लेकिन, अभी दो दिन और ऐसे मौसम से राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार 29 नवंबर तक ऐसा ही मौसम रहने के आसार हैं, हालांकि सिस्टम थोड़ा कमजोर हो सकता है। मध्यप्रदेश मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ.वेदप्रकाश के अनुसार पश्चिम ईरान के पास सक्रिय विक्षोभ अब पूर्व दिशा की ओर बढ़कर मध्य पाकिस्तान के ऊपर आ गया है। अब सागर में ट्रफ कमजोर हुआ है, हालांकि पूर्वोत्तर अरब सागर में यह सक्रिय है। मध्यप्रदेश के उत्तरी भाग में बना चक्रवाती घेरा भी सक्रिय है। लेकिन, थोड़ा कमजोर हुआ है। फिलहाल जो मौसम है, उसका अगले दो से तीन दिन असर रहेगा।

### जिले में वर्षा

| | |
|---|---|
| नर्मदापुरम | - 10.2 मिमी |
| सोहागपुर | - 03 मिमी |
| सिवनी मालवा | - 02 मिमी |
| डोलरिया | - 06 मिमी |
| माखननगर | - 04 मिमी |
| बनखेड़ी | - 2.8 मिमी |
| पिपरिया | - 3.6 मिमी |
| पचमढ़ी | - 2.4 मिमी |
| तापमान | |
| नर्मदापुरम | - 17.2 |
| पचमढ़ी | - 09.8 |
| बैतूल | - 14.2 |
| इटारसी | - 17 |

## संयम से रहने वाले 22 बच्चों का जैन समाज ने किया सम्मान



**बनखेड़ी, देशबन्धु।** वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में सोमवार को 10 वें वर्ष भी संयम धर्म का पालन करने वाले बच्चों का सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा सम्मान किया गया। इन 22 बच्चों ने 3 जुलाई से लेकर 27 नवम्बर तक रात्रि भोजन का त्याग, कंदमूल का त्याग, फास्ट-फूड का त्याग और बजार में बनी खाद्य सामग्री का त्याग किया। इन बच्चों ने चतुर्मास में संयम से रहने का नियम अपनाया था और पूरा होने तक 16 बच्चों ने चतुर्मास में संयम से रहने के नियमों का पालन किया। हालांकि शेष 6 बच्चों ने स्वयं बताया कि वह नियम का पालन नहीं कर पाए, उनके द्वारा सही जानकारी देने पर समाज ने उनकी भी प्रशंसा की। संयम का पालन करने वाले बच्चों के साथ उन बालकों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने दीपावली पर पटाखे नहीं चलाए और जीव हिंसा से बचे। आध्यात्मिक बाल मंडल पाठशाला संचालिका श्रीमती मंजुषा जैन ने पाठशाला के बच्चों का अष्टानिका महापर्व पर 8 दिन के शिविर का आयोजन किया और प्रतिदिन बच्चों को उत्साह के लिए पुरस्कार दिए गए। सभी बच्चों ने उमंग और उत्साह से हिस्सा लिया और सकल दिगम्बर जैन समाज बनखेड़ी के सभी महिलाओं और पुरुषों ने उपस्थित होकर उनके संयम धर्म पालन की अनुमोदना और उत्साह बढ़ाया।

## आर्मी एजुकेशन सेंटर में धूमधाम से मनाई गुरुनानक जयंती

**पचमढ़ी, देशबन्धु।** आर्मी एजुकेशन सेंटर पचमढ़ी स्थित गुरुद्वारा में गुरुनानक जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर गुरुद्वारे में गुरुग्रंथ साहिब का अखंड पाठ किया गया। उसके बाद प्रतिदिन भोग लगाकर जनमानस के कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। कमेटी प्रबंधक सूबेदार कुलदीप सिंह और नायब सूबेदार बलविंदर सिंह ने बताया कि आर्मी एजुकेशन सेंटर के कमांडेंट अमित चटर्जी और समस्त अधिकारियों ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका। उन्होंने बताया कि उसके बाद गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा विशाल लंगर प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त कंपनियों और मैस के अधिकारियों और कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी में नायब सूबेदार मनदीप सिंह, हवलदार हरविंदर सिंह, हवलदार कुलजीत सिंह, हवलदार बालाजी सिंह, नायक गुरु ध्यान सिंह, नायक हरपाल सिंह, नायक तरनजीत सिंह, और का विशेष सहयोग रहा।





## श्रद्धा से मनाया गुरुपर्व, मत्था टेका, लंगर चखा



**इटारसी, देशबन्धु।** सिखों के पहले गुरु नानक देव जी की जयंती आज जयंती मनाई गई। हर साल कार्तिक महीने के पूर्णिमा पर गुरु पर्व मनाया जाता है। गुरू नानक जयंती पर गुरुद्वारे में बड़े स्तर पर लंगर का आयोजन किया।

गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह ने बताया श्री गुरु नानक देव जी की जयंती के कार्यक्रम 25 नवंबर को सुबह 9:30 बजे से श्री अखंड पाठ साहब से जयंती समारोह प्रारंभ हुए थे। इसी दिन दोपहर में नगर कीर्तन निकाला गया था। 26 नवंबर को बच्चों के विशेष कीर्तन दीवान शाम 6:45 बजे से 8:30 बजे तक, कीर्तन भाई गगनदीप सिंह बटाला वालों के रात 8:30 से 10 बजे, कीर्तन स्त्री सत्संग रात्रि 10 बजे से 10:30 बजे तक हुए। आज गुरुपर्व के मौके पर 27 नवंबर को सुबह 9:30 बजे संपूर्ण भोग श्री अखंड पाठ, 9:30 से 10:45 बजे तक गुरुनानक पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा कीर्तन, 10:45 से 11 बजे तक भाई जोगा सिंह, 11 से 11:45 बजे तक भाई अजीत सिंघ और 11:45 से दोपहर 1:30 बजे तक भाई गगनदीप सिंघ द्वारा कीर्तन हुए। दोपहर में गुरु का लंगर प्रारंभ हुआ। आज शाम को पाठ साहिब श्री ररिरास साहिब, भाई जोगा सिंघ, भाई अजीत सिंघ, भाई गगनदीप सिंघ द्वारा कीर्तन, स्त्री सत्संगके बाद रात्रि 12:30 बजे संपूर्ण समाप्ति की गई।

## 58 केंद्रो पर से 19 दिसंबर तक होगी धान खरीदी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** खरीफ विपणन वर्ष 2023 24 अंतर्गत जिले में 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। खंड स्तरीय उपार्जन समिति की अनुशंसा के आधार पर जिला उपार्जन समिति द्वारा डबल्यूडीआरए लाइसेंस युक्त 58 गोदाम स्तरीय खरीदी केंद्र तथा मोटे अनाज की खरीदी के लिए तहसील सिवनीमालवा अंतर्गत बालाजी वेयरहाउस खरीदी केंद्र निर्धारित किया गया है। कलेक्टर ने सभी उपार्जन संबंधी अधिकारियों को खरीदी केंद्रों पर किसानों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहां कि केंद्रों पर शासन द्वारा निर्धारित मानक मापदंडों के अनुरूप ही धान खरीदी की जाएं। तहसील नर्मदापुरम में मंडी स्तरीय, महावीर वेयरहाउस आंचलखेड़ा, एचएल वेयरहाउस ब्यावरा, तहसील डोलरिया अंतर्गत मां गीता वेयर हाउस डुडूगांव, एचएस पालीवाल वेयरहाउस, डोलरिया, यश यज्ञ वेयरहाउस गुनौरा, तहसील माखननगर अंतर्गत सत्याग्रह डेरिया वेयरहाउस माखननगर , ममता वेयरहाउस बागरा तवा, बाबा वेयरहाउस आंखमऊ, राजपूत वेयरहाउस 29 बागलखेड़ी, संगठन डेरिया वेयरहाउस आरी , जयंती सीड्स एवं प्रोसेसिंग वेयरहाउस बहरापुर, श्री गोद भंडारण सिरवाड़, बालाजी मोहासा सांगाखेड़ाकला, कामिनी वेयरहाउस 62 सांगाखेड़ा खुर्द, तहसील इटारसी अंतर्गत एसडबल्यूसी इटारसी गोदाम 12 13 पवारखेड़ा, एसडबल्यूसी गोदाम 7 8 रेसलपुर, बाबा वेयरहाउस घाटली , मीना वेयरहाउस केसला, असमी वेयरहाउस जमानी , सयमत रतन लाल वेयरहाउस ग्राम बोरतलाई, लक्ष्मी विनायक वेयरहाउस ग्राम सुपराली , प्लैटिनम एग्रोपार्क रामपुर , सोहागपुर अंतर्गत एसडबल्यूसी सोहागपुर , एमपीडब्ल्यूएलसी 29 सेमरीहरचंद, शक्ति एग्रो वेयरहाउस 23 ग्राम बोदी , रघुवंशी वेयरहाउस ग्राम करनपुर, गजानन वेयरहाउस शोभापूर , श्री हरि वेयरहाउस अजनेरी , तहसील सिवनी मालवा अंतर्गत एसडब्ल्यूसी बनापुरा 15, एसडब्ल्यूसी हथनापुर 10, कलवानी वेयरहाउस धर्मकुंडी ,अन्नपूर्णा वेयरहाउस बाराखड़कला, अथर्व वेयरहाउस भैरोपुर, रौनक एसोसिएट दमाडिया , श्री जय दुर्गे इंफ्रा पिपरियाकला, अग्रवाल वेयरहाउस शिवपुर, बालाजी वेयरहाउस बानापुरा , पिपरिया अंतर्गत समृद्धि एग्रो सर्विसेज ग्राम खापरखेड़ा, इंद्रेश वेयरहाउसिंग ग्राम सांडिया, इशिता वेयरहाउस ग्राम्स राईखेड़ा, श्री साइ वेयरहाउस ग्राम समनापुर , श्री कृष्णा वेयरहाउस ग्राम घोघरा, हेमलता एग्रो वेयरहाउस ग्राम पुनोर , शिवानी वेयरहाउस ग्राम मरकाढाना, सौरभ वेयरहाउस ग्राम सेमरीरणधीर , अनंतश्री वेयरहाउस ग्राम पडरखा,गणपति वेयरहाउसिंग ग्राम चादौन एवं गोपाल वेयरहाउस बामनवाड़ा, बनखेड़ी अंतर्गत मंडी परिसर श्री गायत्री वेयरहाउस नयाखेड़ा , एसडब्ल्यूसी मछेराकला , सीताभोज वेयरहाउस, श्री कैलाश वेयरहाउस बांचावानी, सेवा संस्था मुख्यालय चादौन, एसडब्ल्यूसी समनापुर, एसडब्ल्यूसी बनखेड़ी एवं समिति प्रांगण बनखेड़ी केंद्र का निर्धारण किया गया है।

मुक्तिधाम में शौच के मामले में बवाल

# संत का वीडियो वायरल करने वाले पर मामला दर्ज करने का विरोध, सड़कों पर उतरे लोग



**सागर, देशबन्धु।** शाहपुर स्थित मुक्तिधाम पर संत के शौच जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। जहां पुलिस ने मुक्तिधाम में संत के शौच का वीडियो वायरल करने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया, वहीं संत के विरोध में बड़ी संख्या लोग सड़कों पर उतर आए और कार्यवाही की मांग की, इस मामले को लेकर प्रदर्शनकारियों ने एक ज्ञापन भी पुलिस को दिया है। खबर मिलते ही मौके पर बड़ी मात्रा में पुलिस बल पहुंच गया और समझाइश देकर लोगों को शांत कराया।

प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि शाहपुर में स्थित मुक्तिधाम परिसर में जैन संत शौच क्रिया के लिए जा रहे थे। जिसे देख नगर के खूब सींग पटेल ने मुक्तिधाम परिसर में उन्हें शौच क्रिया करने से रोका, लेकिन करीब 15 दिनों तक निरंतर आग्रह करने के बाद जब जैन संत नहीं माने। जिसके बाद रविवार को खूबसिंह फिर मुक्तिधाम पहुंचे उन्होंने पहले तो जैन समाज के लोगों को गंदगी फैलाने से रोका। जब वे नहीं माने तो वीडियो बनाकर उसने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते हुए जैन समाज के कुछ लोगों ने थाने पहुंचकर शिकायत की , जिस पर पुलिस ने खूब सिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। संतों के शौच के वीडिया वायरल करने से आक्रोशित लोगों पर खूब सिंह के घर पर आग लगाने का आरोप भी प्रदर्शनकारियों ने लगाया है।

प्रदर्शनकारी खूबसिंह और परिवार वालों को तत्काल रिहा करने और मुक्तिधाम में गंदगी फैलाने वालों पर खिलाफ कार्यवाही की मांग की। इसके अलावा ज्ञापन में शाहपुर की बेशकीमती जमीनों पर किए गए अतिक्रमण हटाने की मांग भी की गई है।

मतदान के बाद पहली बार बुधनी क्षेत्र में पहुंचे शिवराज, हुआ आत्मीय स्वागत

# मंच से उतरकर कार्यकर्ताओं से बोले, आज तो हाथ मिलाने का समय




**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज मतदान के बाद पहली बार बुधनी विधानसभा क्षेत्र के शाहगंज पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। इस दौरान उनका आत्मीय स्वागत किया गया। श्री चौहान मंच से उतरकर बोले- आज मंच पर अच्छा नहीं लग रहा, आज तो हाथ मिलाने का समय है। फोटो खिंचवाने और साथ मिलकर खाना खाने का दिन है। श्री चौहान ने यहां कार्यकर्ताओं से मजाक भरे लहजे में कहा कि यही एकमात्र क्षेत्र है, जहां उम्मीदवार केवल फार्म भरने और वोट डालने के लिए आता है।

उन्होंने कहा कि आमतौर पर जो चुनाव लड़ता है वो जनता के बीच जाते ही हैं लेकिन आपने कह दिया कि इधर देखना मत, आपने शिवराज बनकर मेरा चुनाव लड़ा। आपकी मेहनत से मुझे इस बार भी जनता का आशीर्वाद मिलेगा।

श्री चौहान ने कहा कि आप सभी लोगों पर एक महीने का दायित्व रहता है, उसके बाद 5 साल तक बेहतर से बेहतर करने की कोशिश करुंगा। श्री चौहान ने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनका अभार जताया। उन्होंने कहा कि आप सभी ने शिवराज बनकर इस चुनाव को लड़ा है और मुझे पूरा विश्वास है कि आप सबकी मेहनत से इस बार बुधनी विधानसभा का आशीर्वाद ऐसा मिलेगा कि सारा देश देखेगा। कार्यकर्ता समागम को विदिशा संसदीय क्षेत्र के सांसद रमाकांत भार्गव ने भी संबोधित किया।

## साधना सिंह ने छाता लगाकर सुना भाषण

यहां आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन के दौरान पत्नी साधना सिंह चौहान भी उनके साथ थीं। कार्यक्रम के दौरान बारिश हो रही थी, इस दौरान श्रीमती चौहान ने छाता लगाकर मुख्यमंत्री श्री चौहान का पूरा सम्बोधन सुना।


## प्रेम बाई के घर पहुंचकर लिया आशीर्वाद



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शाम को बुधनी में फूल वाली बहन प्रेम बाई के घर सपरिवार पहुँचे और उनसे आशीर्वाद लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का बहन ने आत्मीय स्वागत किया। गौरतलब है कि बहन प्रेम बाई ने चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान को अपनी अंगूठी दी थी।

कांग्रेस ने चुनाव आयोग में की शिकायत, डाक मतपत्र से छेड़छाड़ का आरोप

# बालाघाट कलेक्टर को हटाने की मांग की, नोडल अधिकारी निलंबित



**भोपाल, देशबन्धु।** बालाघाट में सोमवार को स्ट्रांग रूम में डाक मतपत्र का कथित वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस ने चुनाव आयोग में शिकायत करते हुए बालाघाट के जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा सहित इस मामले में लिप्त अन्य अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने की मांग की है। जिसके बाद डाक मतपत्र के नोडल अधिकारी हिम्मत सिंह को निलंबित कर दिया गया है।

प्रदेश कांग्रेस ने शिकायती आवेदन में चुनाव आयोग को बताया कि बालाघाट से कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा एक वीडियो भेजकर शिकायत की गई है, जिसमें कलेक्टर बालाघाट द्वारा बालाघाट जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के कर्मचारियों द्वारा डाले गए डाक मतपत्र ट्रेजरी के स्ट्रांग रूम में पुलिस सुरक्षा में रखे डाक मतपत्र मतगणना दिवस 3 दिसम्बर के पूर्व अनाधिकृत रूप से ट्रेजरी रूम खुलवाकर डाक मतपत्र निकलवाकर कर्मचारियों को सौंप दिए गए हैं, जिसमें कर्मचारियों द्वारा मनचाही छेड़छाड़ कर कार्यवाही की जा रही है।

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी राजीव सिंह और उपाध्यक्ष और चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया ने कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल के साथ निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर उक्त संबंध में एक शिकायत के साथ इस घटना का वीडियो निर्वाचन आयोग को सौंपा गया है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अमित शर्मा, बी.डी. गौतम, गोपिल कोटवार सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# मतदान में रुकावट डालने पर प्रधान सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भरतपुर, एजेंसी।** राजस्थान के डीग जिले में कामा विधानसभा क्षेत्र के सांवलेर में शनिवार को मतदान में रुकावट डालने के मामले को लेकर राज्यमंत्री जाहिदा खान के प्रधान पुत्र साजिद सहित 30 लोगों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सांवलेर में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान दौरान बूथ संख्या 98 पर पथराव एवं वोटिंग में हुए बबाल के बाद करीब 20 मिनट तक वोटिंग को रोकना पड़ा था। इस बबाल के बाद हेड कॉन्स्टेबल लेखराज की तरफ से दर्ज कराये गए मामले में बताया गया है कि शांतिपूर्ण मतदान के दौरान अपराह्न साजिद खान ने अपने समर्थकों के साथ बूथ संख्या 98, 99, 100 में बार-बार घुसकर मतदान में व्यवधान पैदा किया और टोकने पर पुलिसकर्मियों से उलझते हुए हेड कॉन्स्टेबल के साथ मारपीट शुरू कर दी। मोबाइल पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस फोर्स ने मौके पर पहुंच साजिद खान और उसके समर्थकों को बूथ से बाहर निकाला। इसके बाद साजिद खान ने बूथ के बाहर खड़े लोगों को उकसा कर बूथ के अंदर पथराव कराया और कार में बैठकर भाग गया।

प्रकाश पर्व पर दी शुभकामनाएं

# शिवराज ने उमरिया पहुंचकर गुरूद्वारे में मत्था टेका

**भोपाल, देशबन्धु।** संत गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर मुख्यंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज औबेदुल्लागंज के उमरिया स्थित गुरूद्वारे में मत्था टेका। श्री चौहान ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों के मंगल व कल्याण की कामना कर सभी को प्रकाश पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी। श्री चौहान और उनकी पत्नी साधना सिंह का गुरुद्वारे के प्रधान सरकार नरेन्द्र सिंह, अध्यक्ष हरविंदर सिंह और सचिव राजेंद्र सिंह ने सरोपा भेंट कर सम्मान किया।




## विष्णु हमीदिया रोड गुरुद्वारे पहुंचे

इधर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने संत गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर हमीदिया रोड स्थित गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका एवं लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि गुरूनानक ने सारी दुनिया को शांति और सौहार्द्र का रास्ता दिखाया। उनके संदेश देश और दुनिया के लिए आज भी प्रासंगिक हैं। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, मंत्री हरदीप सिंह डंग, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल एवं प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जुगल किशोर शर्मा सहित सिख श्रद्धालु उपस्थित थे।



# परिवार के शासन को कायम रखेगा कांग्रेस-बीआरएस के लिए वोट



**हुजूराबाद/पेद्दापल्ली (तेलंगाना), एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनता से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को महत्वपूर्ण जनादेश देने की अपील की और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव को जोरदार संदेश दिया कि लोग भाजपा के साथ खड़े हैं। शाह ने हुजूराबाद में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए और पेद्दापल्ली में एक रैली में भाग लेते हुए, मतदाताओं से भाजपा उम्मीदवार एटाला राजेंदर के लिए भारी बहुमत से जीताने का आग्रह किया। साथ ही राव को स्पष्ट संदेश देने के महत्व पर जोर दिया कि अगले चुनाव में बीआरएस के किसी उम्मीदवार की जमानत सुरक्षित नहीं रहना चाहिए। शाह ने कहा कि कांग्रेस के लिए कोई भी वोट अनिवार्य रूप से बीआरएस को फायदा पहुंचाएगा। यदि आप सरकार में बदलाव चाहते हैं, तो अपना वोट भाजपा को दें। कांग्रेस या बीआरएस के लिए वोट केवल परिवार के शासन को कायम रखेगा। मैंने पूरे तेलंगाना का दौरा किया है, और वहां भाजपा के पक्ष में जनता से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। पार्टी के सत्ता में आने के बाद पिछड़ा वर्ग समुदाय से एक मुख्यमंत्री नियुक्त करने का वादा करते हुए शाह ने मुसलमानों को दिए गए चार प्रतिशत आरक्षण को वापस लेने और इसे एससी, एसटी तथा बीसी के लिए आरक्षण पुनर्निर्देशित करने का वादा किया। उन्होंने राव पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असादुदीन ओवैसी के डर से मुक्ति दिवस के आयोजन से बचने का आरोप लगाया। शाह ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा तेलंगाना को दी गई वित्तीय सहायता पर प्रकाश डाला।

और इसकी तुलना तत्कालीन आंध्र प्रदेश को यूपीए शासन की सहायता से की। उन्होंने वैट में कटौती, एक रुपए सहित विभिन्न पहलों का वादा किय, जिसमें किसानों के लिए 2,500 रुपए की इनपुट सब्सिडी, न्यूनतम समर्थन मूल्य। धान के लिए 3,100 रुपये, राज्य हल्दी बोर्ड की स्थापना, सभी किसानों के लिए फसल बीमा प्रीमियम का भुगतान, चार मुफ्त गैस सिलेंडर का वितरण और स्वास्थ्य बीमा इत्यादि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, श्री शाह ने घोषणा की कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी, 2024 को होगी और भाजपा सरकार राज्य में सत्ता संभालने के बाद राम मंदिर तक जाने की मुफ्त यात्रा की सुविधा देगी।

# देशभर में बढ़ेगी ठंड

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** देश में सर्दी ने दस्तक दे दी है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु के कई शहरों में रविवार देर रात बारिश हुई है। कुछ राज्यों में बारिश अभी भी जारी है। इसके चलते इन राज्यों में अचानक से ठंड बढ़ गई है। राजस्थान में दिन का पारा 8 डिग्री और दिल्ली में 10 डिग्री तक लुढ़क गया है। दिल्ली में कई जगहों पर बारिश भी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाली बर्फीली हवाओं से पारा और गिर सकता है। वहीं, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को तापमान शून्य डिग्री दर्ज किया गया है। इससे एक दिन पहले यहां पारा शून्य से एक डिग्री नीचे था।

गुजरात के कई इलाकों में भारी बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। यहां बिजली गिरने से 24 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 दाहोद, 3-3 बनासकांठा और भरूच, 2 तापी, अहमदाबाद, अमरेली, आनंद, खेड़ा, द्वारका, पंचमहल, पाटन, बोटाद, मेहसाणा, साबरकांठा, सूरत और सुरेंद्रनगर में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात में अगले 24 घंटे में भारी बारिश की आशंका जताई है।

# ओडिशा के पूर्व नौकरशाह कार्तिकेयन बीजद में शामिल

**भुवनेश्वर,एजेंसी।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के 12 साल तक निजी सचिव के तौर पर सेवाएं दे चुके पूर्व नौकरशाह वी. कार्तिकेयन पांडियन अपनी राजनीतिक पारी शुरू करते हुए सोमवार को औपचारिक रूप से बीजू जनता दल (बीजद) में शामिल हो गए।

पांडियन आज नवीन निवास पहुंचे, जहां उन्होंने पटनायक से आशीर्वाद लिया और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हो गए। पटनायक ने पांडियन के बीजद में शामिल होने पर स्वागत किया और कहा कि पार्टी को पांडियन के लंबे प्रशासनिक अनुभवों से लाभ मिलेगा। पांडियन ने बीजद में शामिल होने से पहले 5टी के सचिव और मुख्यमंत्री के निजी सचिव के तौर पर काम किया है। उन्होंने 23 अक्टूबर को स्वैच्छिक सेवानिवृत्त ले लिया था। बाद में मुख्यमंत्री ने उन्हें कैबिनेट मंत्री के पद पर 5टी और नबीन ओडिशा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। वर्ष 2000 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पांडियन ने अपना करियर ओडिशा में कालाहांडी जिले के धरमगढ़ में उप-जिलाधीश के रूप में शुरू किया और बाद में मयूरभंज तथा गंजम जिलों में कलेक्टर के रूप में कार्य किया। वह 2011 में मुख्यमंत्री के निजी सचिव के रूप में शामिल हुए और वीआरएस का विकल्प चुनने तक इस पद पर कार्यरत रहे। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने राज्य में कई सार्वजनिक बैठकों और समारोहों में भाग लेने को लेकर पांडियन की आलोचना की थी और कहा था कि यदि वह राजनीति में शामिल होने के इच्छुक हैं, तो उन्हें आईएएस की नौकरी छोड़ देनी चाहिए।

इस बीच बीजद के कई वरिष्ठ नेताओं ने श्री पांडियन का स्वागत किया है और कहा है कि वह पार्टी के लिए एक बड़ी संपत्ति होंगे और प्रशासन में उनका विशाल अनुभव निश्चित रूप से बीजद को मजबूत करेगा।

# मप्र के बाद छग में मतगणना की तैयारियों में जुटी कांग्रेस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के बाद अब छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस पार्टी ने मतगणना के दिन के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। एमपी की तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से मतगणना एजेंट्स की विशेष ट्रेनिंग शुरू होने जा रही है। 30 नवम्बर तक सभी जिला मुख्यालय संगठन में विधानसभा क्षेत्रवार मतगणना एजेंट्स की ट्रेनिंग होगी। इसके लिए सभी एजेंट्स को जानकारी दे दी गई है। सभी 90 विधानसभा के एजेंट्स को ये ट्रेनिंग दी जाएगी। इस ट्रेनिंग में मतगणना के दौरान कैसे निगरानी रखनी है, कैसे मशीनवार वोटिंग के नंबर लिखने हैं, कैसे मशीन और गिने गए मतों का मिलान करना है, यह सब सिखाया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, सोमवार को कोंडागांव, जगदलपुर, बेमेतरा, दुर्ग शहर, सारंगढ़, रायगढ़ और मनेंद्रगढ़ में ट्रेनिंग दी गई। 28 नवम्बर को दंतेवाड़ा, राजनांदगांव, मरवाही और कुनकुरी में यह कार्यक्रम रखा गया है। 29 नवम्बर को कांकेर और अंबिकापुर जिले के अभिकर्ताओं की ट्रेनिंग होनी है। 30 नवम्बर को बालोद, राजिम, महासमुंद, भिलाई 3, रायपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, बिलासपुर, कवर्धा, कोरबा और प्रतापपुर में ट्रेनिंग होगी। केवल धमतरी ऐसा जिला है, जहां 2 दिसम्बर को ट्रेनिंग होगी। कांग्रेस पार्टी ने राज्य में हर विधानसभा में 2 एआरओ और 14 काउंटिंग एजेंट बनाया है। इनमें एक बैलेट पेपर एजेंट रहेगा, जो बैलेट पेपर की गिनती खत्म होने के बाद एआरओ की भूमिका में आ जाएगा। राजधानी रायपुर के सभी एआरओ और मतगणना एजेंटों को 30 नवम्बर को ट्रेनिंग की जाएगी। कांग्रेस भवन में होने वाली इस ट्रेनिंग में पीसीसी के पदाधिकारियों के अलावा जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। दरअसल, दोनों पार्टियों के ओर से एजेंट्स काउंटिंग के दौरान मौजूद रहते हैं। उन्हें पहले से ही उनकी मशीनें और टेबल का नंबर बता दिया जाता है, वो मतगणना की पूरी प्रक्रिया के दौरान वहां तैनात रहते हैं। सभी दलों की तरफ से ये एजेंट्स मतगणना वाले दिन के लिए खास नियुक्त किए जाते हैं। ये सभी पार्टी की ओर से नियुक्त किए जाते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**ऑगन मशीन के खराब हिस्सों....** ऑपरेशन का जायजा लिया। इस दौरान, दोनों अधिकारियों ने ग्राफिकल प्रस्तुतीकरण एवं मैपिंग के माध्यम से टनल की भौगोलिक स्थिति को समझा। डॉ.पी के मिश्रा ने टनल के अंदर चल रहे रेस्क्यू कार्य की बारीकियों को समझा। उन्होंने अधिकारियों के साथ ही रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे श्रमिको, इंजीनियरों से भी जानकारी ली। उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे सभी श्रमिकों का हौसला भी बढ़ाया। उन्होंने ऑगर मशीन की ब्लेड एवं साफ्ट को काटने की प्रक्रिया में जुटे श्रमिकों टिंकू दुबे, अमित, शशिकांत, झारू राम, राधे रमण दुबे, ओम प्रकाश, एन.डी अहमद से बात कर उनका कुशलक्षेम जानते हुए उनके काम की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अंदर फंसे श्रमिकों के साथ राहत बचाव कार्य में जुटे सभी लोगों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

**मणिपुर में कुकी समूह ने....** तक सामान की सप्लाई न हो सके। लेकिन, बाद में कमेटी ने इन इलाकों में ट्राइबल्स की परेशानियों को समझते हुए अस्थायी तौर पर ये इकोनॉमिक ब्लॉकेज हटा दिया। हालांकि कमेटी ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे बंद हटाने के फैसले का रिव्यू करेंगे और इसे दोबारा लागू करेंगे।

# राजस्थान चुनाव के बाद भाजपा ने की समीक्षा बैठक

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के बाद सोमवार को यहां समीक्षा बैठक आयोजित की की गई। भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एंव प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में इस बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से चुनाव प्रबंधन के अनुभव से जुड़े सुझाव भी लिए गए, जिसमें पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपने कार्यानुभव से जुड़े विभिन्न सुझाव दिए। संह ने भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि राजस्थान विधानसभा चुनाव का प्रबंधन मजबूत और सुदृढ़ रहा। जोशी के नेतृत्व में पूरी टीम ने सकारात्मक रूख रखते हुए निरंतर काम किया है। सीपी जोशी का सरल व्यवहार और टीम मैनेजमेंट सहित संवाद और समन्वय बेहतर रहा।

राजस्थान विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक मतदान से राजनीतिक दलों की धड़कने बढ़ी

# मतदान के बाद कांग्रेस व भाजपा दोनों कर रहे जीत का दावा

■ **राजस्थान में इस बार कई वर्षों बाद हुआ ऐतिहासिक मतदान**

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव-2023 के मतदान के बाद अब प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों ही दल अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दावा करते हुए मीडिया से कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस स्पष्ट बहुमत के साथ फिर सत्ता में आ रही हैं।

इसी तरह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी ने भी दावा किया है कि भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ यह चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा को जनता का विश्वास एवं जोरदार समर्थन मिला है। जोशी ने कहा कि अब जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के साथ चल पड़ी है और उसने मोदी और कमल पर विश्वास किया है। उन्होंने कहा कि कमल पर यही विश्वास वर्ष 2019 में देखने को मिला था जब लोग घर से चलकर मतदान केंद्र पर अपना वोट देने पहुंचे और वैसा ही विश्वास इस चुनाव में भी दिखा है।

उन्होंने कहा कि इस बार ऐतिहासिक मतदान कई वर्षों बाद हुआ है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस ने कई तरीके एवं हथकंडे के प्रयास किए और अंतिम समय तक कई फर्जी आईडी भी बनाई गई लेकिन इस बार जनता ने भाजपा के पक्ष में और कांग्रेस की विदाई का मन बना लिया था। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता ने कमल के निशान और भाजपा की डबल इंजन की सरकार पर विश्वास जताया है और किसान कर्ज माफ नहीं करने, पेपरलीक लीक और महिलाओं की सुरक्षा नहीं करने के प्रति लोगों ने गुस्सा भी जताया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने जो कहा कि वह करके दिखाया हैं जबकि वादाखिलाफी करने वालों को राजस्थान की जनता कभी माफ नहीं करेगी। इसी तरह भाजपा के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने भाजपा की प्रचंड जीत का दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत है कि इस बार इतना प्रतिशत में मतदान हुआ। इससे भाजपा प्रदेश में प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत रही हैं। इस चुनाव प्रचार में मोदी की सभाओं के बाद भाजपा के पक्ष में माहौल बना और जनता भाजपा के साथ खड़ी रही। उन्होंने कहा कि लोग भाजपा के पक्ष में मतदान करने को उत्सक थे और कांग्रेस के पक्ष में निराशा थी, इसलिए यह ऐतिहासिक मतदान हुआ। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा भारी बहुमत के साथ चुनाव जीत रही है। बता दें कि राजस्थान विस चुनाव की प्रदेशभर में वोटिंग के बाद कई जगह मत प्रतिशत में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला।

पिछली बार के चुनाव से तुलना की जाए तो इस बार मतदान प्रतिशत आगे ही रहा है। इस बार 74 फीसदी से अधिक वोटिंग हुई है। पिछली बार की अपेक्षा इस बार के चुनाव में लोगों ने घर से निकलने में काफी रुचि दिखाई है। अब देखना ये है कि लोगों की चुनाव में रुचि और वोटिंग प्रतिशत बढ़ने का लाभ किसको मिलता है। इसके लिए सभी को बेसब्री से तीन दिसम्बर का इंतजार है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।